नव प्रदेश

wwwĐnavpradeshĐcom | रायपुर, शनिवार 24 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-गुरु पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-164 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

संसद के मानसून सत्र में विपक्ष का गरजना बरसना बदस्तूर जारी है। नतीजतन चार दिनों से संसद के दोनों सदनों में सिर्फ हंगामा हो रहा है। जासूसी कांड को तिल का ताड़ बनाने की कोशिश हो रही है। इस बारे में आईटी मंत्री ने राज्यसभा में जब सरकार की ओर से जवाब देना चाहा तो टीएमसी सांसद शांतनू सेन ने मंत्री के हाथों से कागजात छीन कर उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए। निश्चित रूप से उनका यह व्यवहार न सिर्फ अलोकतांत्रिक है बल्कि सरासर गुंडागर्दी है। ऐसे हुल्लड़बाज माननीयों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही का प्रावधान किया जाना चाहिए।

खास-खबर

आने वाला वक्त 1991 के संकट से ज्यादा कठिन : मनमोहन

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा है कि तीन दशक पहले देश के समक्ष जो आर्थिक संकट था उसके कारण शुरू हुई उदारीकरण की प्रक्रिया के बाद देश ने गौरवशाली आर्थिक प्रगति हासिल की लेकिन आने वाले वक्त में ज्यादा गंभीर है इसलिए यह वक्त आनंद और उल्लास का नहीं बल्कि सामने खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मचिंतन का है। डॉ. सिंह ने देश में तीन दशक पहले शुरू किए गये आर्थिक सुधारों के 30 वर्ष पूरे होने की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा तीस साल पहले 1991 में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में देश ने अर्थव्यवस्था में सुधारों की महत्वपूर्ण शुरुआत कर नयी आर्थिक नीति आरंभ की। उसके बाद की सरकारों ने लगातार देश को तीन खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की तरफ ले जाने के लिए जो राह तैयार की गयी उसका निरंतर अनुसरण किया है।

सेना के लिए दौड़ की तैयारी कर रहे चार युवकों को ट्रक ने रौंदा

जाम में फंसी बस को रिवर्स लेते समय कंडक्टर भी आया चपेट में उसकी भी मौके पर मौत

- सेना में शामिल होकर देश की सेवा करने की तैयारी कर रहे थे चारो युवक
- चारो युवकों की मौत के बाद बारदेवरी गाँव में पसरा मातम

हबीब राज

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले में आज अलग-अलग हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। बारदेवरी में मॉर्निंग वॉक पर निकले 4 युवकों को ट्रक ने कुचल दिया। सेना में जाने का सपना लेकर रोज सुबह उठकर मेहनत करने वाले चार युवकों को तेज रफ्तार ट्रक कुचलकर फरार हो गया। चारों कोंदागांव चौक पर मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। मौके पर ही चारों युवकों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भानुप्रतापपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने 4 लोगों की जिंदगियां छीन लीं। बारदेवरी के रहने वाले प्रलय देहारी, रोशन राणा, पुष्पराज नाग, हितेश नाग जिनकी उम्र लगभग 16 से 18 साल की थी, उन्हें ट्रक ने कुचल दिया इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कांकेर-भानुप्रतापपुर मुख्य मार्ग जाम लगा दिया। चारों युवकों का शव सड़क पर ही पड़ा था। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक आरोपी ट्रक चालक नहीं पकड़ा जाता, तब तक शव सड़क से नहीं हटाया जाएगा। जानकरी के अनुसार, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेना में शामिल होकर करनी थी देश की सेवा

बारदेवरी के युवको के साथ हुई घटना के बाद मानो गाँव मे मातम पसर गया ग्रामीणों में इतना आक्रोश था कि बारदेवरी के युवाओं ने बारदेवरी सहित भानुप्रतापपुर सड़क को बंद कर प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इन चारों युवाओं का सपना था कि वे सेना की भर्ती में शामिल होकर देश की सेवा करेंगे। इसी जुनून को लेकर ये चारों युवा रोज़ाना सुबह उठकर दौड़ लगाकर शरीर को स्वस्थ रखने योगाभ्यास करते थे। ताकि सेना की भर्ती में किसी प्रकार की समस्या ना हो और वे सेना में शामिल होकर देश की सेवा कर सके।

निलंबित एडीजी की याचिका हाईकोर्ट से खारिज

राजद्रोह मामले में कोई राहत नहीं

जीपी सिंह की मुश्किलें बढ़ी, गिरफ्तारी संभव

बिलासपुर/नवप्रदेश। निलंबित एडीजी जीपी सिंह की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। हाईकोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति की सीबीआई जांच कराने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। इसी तरह राजद्रोह प्रकरण में भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। जस्टिस एनके व्यास की एकल पीठ ने जीपी सिंह की दोनों याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली थी, और फैसला सुरक्षित रखा था। शुक्रवार को दोनों याचिका पर कोर्ट ने आदेश पारित किए जिसमे जीपी सिंह को कोई राहत नहीं मिली है। जीपी सिंह की तरफ से पैरवी सीनियर एडवोकेट किशोर भादुड़ी ने की, और राजद्रोह प्रकरण में सरकार की तरफ से एडिशनल एडवोकेट जनरल अमृतोदास ने पैरवी की। साथ ही आय से अधिक संपत्ति प्रकरण पर एसीबी की तरफ से राज्यसभा सदस्य और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता केटीएस तुलसी उपस्थित हुए।

दरअसल,एसीबी को जीपी सिंह के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जमानत याचिका वापस लेना पड़ा महंगा

सुनवाई के दौरान शुक्रवार को हाईकोर्ट ने कहा कि एडीजी जीपी सिंह ने रायपुर की अदालत में अपनी अग्रिम याचिका की अर्जी भी दायर की थी। सुनवाई के लिए पुलिस से केस डायरी की मांग की गई, लेकिन कंप्लीट नहीं होने पर जमानत याचिका वापस ले ली गई थी। इस आधार पर उनका पहला एप्लीकेशन रिजेक्ट किया जाता है। वहीं दूसरे एप्लीकेशन के मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि हमने केस डायरी देख ली है। ऐसे में जांच रोकना ठीक नहीं होगा। ऐसे में उनकी दोनों याचिकाओं को खारिज कर कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।

शिल्पा के घर राज कुंद्रा को लेकर पहुंची क्राइम ब्रांच टीम

मुंबई/ए। राज कुंद्रा को लेकर क्राइम ब्रांच के अधिकारी शिल्पा शेट्टी के घर पहुंचे गए हैं। शिल्पा के जुहू स्थित घर पर है। बताया जा रहा है कि अधिकारी शिल्पा शेट्टी से सवाल कर सकते हैं क्योंकि वह भी कुंद्रा संग विआन कंपनी की डायरेक्टर है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शिल्पा से राज के सामने सवाल किए जाएंगे। हाल ही में अंधेरी स्थित विआन कंपनी में क्राइम ब्रांच ने रेड की थी। इस दौरान उन्हें काफी डेटा बरामद हुआ था।

राज कुंद्रा ने पुलिस को किया चैलेंज

मुंबई पुलिस पर पलटवार करते हुए राज कुंद्रा ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कहा है कि 41ए नोटिस मुंबई पुलिस द्वारा उन्हें नहीं दिया गया था। 41ए नोटिस, पुलिस के सामने पेशी के लिए होता है। इस नोटिस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महाराष्ट्र : तीन जगहों पर भूस्खलन, 44 की मौत, 35 की तलाश जारी

मुंबई/ए.। महाराष्ट्र में भारी बारिश और नदियों में उफान आने से लोग बुरी फंस गए हैं। मुंबई से सटे रायगढ़ जिले के महाड में कुल तीन जगहों पर भूस्खलन हुआ है।तीन जगहों पर भूस्खलन होने से कई घर दब गए हैं, जिसमें 44 लोगों की मौत हुई है। यहां के तलई में 32 लोगों की मौत हुई है और साखर सुतार वाड़ी में चार लोगों की मौत हुई है। दोनों जगहों पर करीब 15 लोगों को बचाया गया है। वहीं 30-35 लोगों की अभी भी तलाश जारी है। महाड में सावित्री नदी खतरे के निशान से ऊपर बहकर सब कुछ डुबा रही है। महाड और खेड में एलडीआरएफ और कोस्टगार्ड की मदद ली जा रही थी।अब बचाव के लिए नौसेना की टीम भी मदद कर रही है। महाड से थोड़ा पहले दासगांव, टोल नाके के पास नौसेना की टीम अपने साथ लाए बोट पानी में उतारकर मदद कर रही है। इसके आगे सड़क पर भी पानी भरा है।

वहीं फिलहाल रातभर से बारिश रुकी होने की वजह से रत्नागिरी के खेड़ में जहां बाढ़ का पानी जमा हुआ था वह अब उतरने लगा है। चिपलूण में अब भी पानी भरा है। हजारों लोग अब भी फंसे हैं।

शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक और लेखापाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने दो अलग-अलग मामले में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक और लेखापाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायत मिलने के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है।

जीपीएफ, जीआईएस, ग्रेच्युटी सहित मेडिक्लेम निकालने के एवज में मांगी रिश्वत

उधर बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ में लेखापाल (सहायक ग्रेड-02) रतराम बंजारे को एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। लेखापाल बीईओ कार्यालय में पदस्थ है। पूर्व बीईओ पी. के. शर्मा के बेटे से जीपीएफ, जीआईएस, ग्रेच्युटी और मेडिकल क्लेम निकालने के एवज में 2 लाख 35 हजार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पद परिवर्तन के लिए मांगी 50 हजार रिश्वत

मिली जानकारी के अनुसार एसीबी की टीम ने जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की है, उनमें रायपुर लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त संचालक एन के अग्रवाल है। एसीबी टीम ने अग्रवाल को 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। अग्रवाल ये रूपए पदांकन परिवर्तित करने के एवज में ले रहे थे। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी में कर दी, फिर पेंशनबाड़ा रायपुर में छापामार कार्रवाई की गई।

मेरी कॉम और मनप्रीत सिंह ने टोक्यो में थामा तिरंगा

■ खेल मंत्री ने भारत से बढ़ाया हौसला

तोक्यो/ए.। जापान की राजधानी तोक्यो में ओलिंपिक-2020 का आखिरकार उद्घाटन हो गया। भव्य ओपनिंग सेरिमनी ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान भारतीय दल ने भी हिस्सा लिया। भारतीय दल को हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और महान महिला बॉक्सर मेरी कॉम लीड कर रही थीं। ये दोनों ने तिरंगा हाथ में लिए सबसे आगे चल रहे थे, जबकि अन्य सदस्य हाथ में तिरंगा लिए पीछे थे। इस मौके के गवाह भारत के केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी बने।

शामिल हुआ 28 सदस्यीय भारतीय दल

उद्घाटन समारोह में 22 खिलाड़ी और 6 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में हॉकी से 1, मुक्केबाजी से 8, टेबल टेनिस से 4, रोविंग से 2, जिमनास्टिक से 1, तैराकी से 1, नौकायन से 4, तलवारबाजी से 1 खिलाड़ी शामिल हुए जबकि 6 अधिकारियों ने भी शिरकत की। उल्लेखनीय है कि भारत ने इस बार अपना सबसे बड़ा दल भेजा है जिसमें 127 खिलाड़ी हैं। इस बार महिलाओं खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व भी सबसे ज्यादा हैं जिनकी संख्या 56 हैं।

कार्यक्रम | जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए सीएम

सहकारिता आंदोलन से किसानों के साथ ज्यादा से ज्यादा नागरिक जुड़े : बघेल

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश में किसानों के हित में अनेक सहकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग सहकारिता के माध्यम से लाभान्वित हों।

सहकारिता आंदोलन से किसानों के साथ ज्यादा से ज्यादा नागरिक जुड़े यह प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय से बिलासपुर में आयोजित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्बोधित कर रहे थे।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद नायक का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आज सहकारी बैंक बिलासपुर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसान हितैषी योजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ बन रहा है मॉडल राज्य

कार्यक्रम में उपस्थित सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए अभिनव योजनाएं बनाई गई हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ मॉडल राज्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों के लिए जरूरी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने त्रिस्तरीय सहकारी बैंक की व्यवस्था कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का कार्य किया है। धान खरीदी, खाद, बीज, दवा सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को सुलभ है। पहले धान बिक्री के लिए किसानों को बड़ी दिक्कत होती थी, लेकिन सरकार ने सुव्यवस्थित खरीदी की व्यवस्था बनाई। आज धान बेचने के एक हफ्ते के भीतर किसानों के खाते में पैसा आ जाता है।

छत्तीसगढ़ में मछली पालन को कृषि का दर्जा

मछली पालन से जुड़े दो लाख से अधिक मत्स्य कृषकों और मछुआरों को मिलेंगी कई तरह की सहूलियतें

मुख्यमंत्री की कैबिनेट द्वारा बीते 20 जुलाई को राज्य में मछली पालन को कृषि का दर्जा देने का फैसला सराहनीय है। सरकार के इस फैसले से मछुआरों को मत्स्य पालन के लिए किसानों के समान ब्याज रहित ऋण सुविधा मिलने के साथ ही जलकर और विद्युत शुल्क में भी छूट का लाभ मिलेगा। इससे राज्य में मछली पालन से जुड़े 2 लाख 20 हजार लोगों की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा। छत्तीसगढ़ राज्य में बीते ढाई सालों में छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से मछली पालन के क्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। राज्य में ढाई सालों में मत्स्य बीज उत्पादन के मामले में 13 % और मत्स्य उत्पादन में 9 % की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कृषि का दर्जा मिलने से मत्स्य पालन के क्षेत्र में राज्य अब और तेजी से आगे बढ़ेगा, यह संभावना प्रबल हो गई है। मछुआरों को एक प्रतिशत ब्याज पर एक लाख तक तथा 3 प्रतिशत ब्याज पर अधिकतम 3 लाख रुपए तक ऋण मिलता था। इस क्षेत्र को कृषि का दर्जा मिलने से अब मत्स्य पालन से जुड़े लोग सहकारी समितियों से अब अपनी जरूरत के अनुसार 0% ब्याज पर सहजता से ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

संधारण के चलते दो दिन रहेगा जलप्रदाय प्रभावित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र में शिवनाथ नदी से आने वाले मेन पाइप लाइन में खराबी आने की वजह से 26 एवं 27 जुलाई को शटडाउन होगा। जिससे दो दिन शहर में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा और संधारण पश्चात 29 जुलाई को आंशिक रूप से जल प्रदाय बाधित हो सकती है। राइजिंग मुख्य पाइपलाइन में आई लीकेज को दूर करने में निगम के जल विभाग के कर्मचारी संधारण का कार्य करेंगे। ओमशांति ओम चौक के समीप गौरवपथ रामलू चौक के

पास पाइप लाइन लीकेज होने की वजह से 26 जुलाई दिन सोमवार की सुबह 9 बजे से शटडाउन लिया जाएगा। जिससे 26 जुलाई को सुबह में पानी सप्लाई होगी परंतु 27 एवं 28 जुलाई को जल प्रदाय पूर्ण रूप से प्रभावित रहेगा। जलप्रदाय की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने पानी टैंकर, हैंडपंप एवं पावर पंप तथा अन्य माध्यमों से जल प्रदाय करने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए हैं। जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे ने बताया कि निगम क्षेत्र के लिए 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट से अन्य क्षेत्रों के लिए सप्लाई किए जाने वाले मुख्य पाइपलाइन में रामलू चौक के पास पाइपलाइन में लिकेज आने के कारण संधारण कार्य किया जाना अति आवश्यक है जिससे पेयजल व्यवस्था भविष्य में दुरुस्त रहे। इसके लिए सोमवार को शटडाउन लिया जाएगा। सर्वप्रथम सोमवार को शटडाउन करते ही प्रातः संधारण का कार्य करने के लिए जेसीबी के माध्यम से खुदाई कर पंप के माध्यम से पाइप लाइन में भरे हुए पानी का डीवाटरिंग किया जाएगाए तत्पश्चात निगम के कर्मचारी लीकेज के स्थल पर पाइप की कटिंग कर एमजे कॉलर लगाएंगे और पाइपलाइन को दुरुस्त करेंगे! इस कार्य को करने के लिए 2 दिन का वक्त लगेगा जिसके लिए जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। समय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए यह कार्य भी होंगे शटडाउन के दौरान अन्य महत्वपूर्ण कार्य समय की उपयोगिता को देखते हुए किए जाएंगे।

संयंत्र का यूआरएम ने जीरो डिस्चार्ज का लक्ष्य

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने स्केल रिमूवल फिल्टर से अपने प्रमुख बैकवाश पानी को जीरो लिक्विड डिस्चार्ज यूनिट बनाने के लिए रिसाईकिल करना प्रारंभ कर दिया है। यूआरएम में हाल ही में दो अलग-अलग इकाइयों में अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई गई थी, ताकि आंतरिक संसाधनों के साथ फिल्टर से प्राइमरी सेटलिंग टैंक तक बैकवाश पानी को रिसाइकिल किया जा सके। विश्व स्तरीय रेल बनाने वाले यूआरएम के अपने जल उपचार संयंत्र हैं जो कि री-हीटिंग फर्नेस और मिल की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न गुणवत्ता वाले पानी की आपूर्ति कर रहा है। सिस्टम की आवश्यकता के अनुसार, स्केल रिमूवल फिल्टर (एसआरएफ) और हाईडेक फिल्टर को उनके कुशल संचालन के लिए प्रत्येक शिफ्ट में नियमित रूप से साफ (बैक वॉश) किया जाता है। इन फिल्टरों का बैक वॉश वॉटर आउटलेट-बी के जरिए प्लांट के बाहर जाता है। चर्चा के बाद, यूआरएम टीम ने इस पानी को सिस्टम में वापस लाने के लिए एक प्रक्रिया प्रारंभ करने और स्थापित करने का निर्णय लिया। डायरेक्ट कूलिंग वॉटर सर्किट (डब्ल्यूटीपी-3) का हाईडेक फिल्टर बैकवाश वॉटर जो रेन वाटर स्टॉर्म ड्रेन में जा रहा था, उसे सेकेंडरी सेटलमेंट टैंक में डायवर्ट कर दिया गया है। यह फिल्टर लाइन में उच्च अवशिष्ट दबाव के कारण संभव हो पाया। इसी तरह इनडायरेक्ट कूलिंग वॉटर सर्किट (डब्ल्यूटीपी-4) का हाईडेक फिल्टर बैकवाश वॉटर जो रेन वाटर स्टॉर्म ड्रेन में जा रहा था, उसे ओवरहेड फिलिंग सम्प में डायवर्ट कर दिया गया है।

न्यूज गैलरी

सेल का संचालक फरार, एफआईआर दर्ज

दुर्ग। निगम अफसरों ने राजेन्द्र पार्क के पास जीई रोड पर लूट लो सेल के मालिक इमरान बबला के खिलाफएफआईआर दर्ज कराया है। निगम प्रशासन ने इमरान बबला को अस्थायी दुकान लगाने 1505 वर्ग फीट भूमि की अनुमति दी थी। उसके द्वारा 1904 वर्ग फीट में दुकान लगाई गई। अतिरिक्त भूमि की लीज अवधि का किराया और जून 2020 के बाद का किराया लगभग 3. 36 लाख नहीं पटाया गया। अफसरों ने बताया कि 22 जुलाई को निगम में पैसा जमा किये बिना ही सामान हटाकर भाग गया। कमिश्नर हरेश मंडावी के निर्देश पर भवन अधिकारी व बाजार विभाग के नोडल अधिकारी प्रकाशचंद थवानी ने थाना पहुँचकर फरार हुए सेल संचालक इमरान बबला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

पद्म श्रृंखला पुरस्कार हेतु आवेदन

दुर्ग। देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पदम् विभूषण, भूषण और पदम्श्री पुरस्कार हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले आवेदन आमत्रिंत किया है। कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरी, सार्वजनिक मामले, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्र में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियां व सेवा करने वाले व्यक्ति 30 अगस्त तक कलेक्ट्रेट में आवेदन जमा कर सकते है।

कलेक्टर एवं प्रशासक भुरे जनसमस्याओं से हुए रूबरू

समस्याओं से अवगत होकर निराकरण के दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कलेक्टर एवं नगर पालिक निगम प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे कार्यालयीन समय पर निगम मुख्यालय पहुंचे। प्रशासक कक्ष में पहले उन्होंने निगम क्षेत्र में संचालित कार्य और योजनाओं की जानकारी लेकर समीक्षा की। इस दौरान आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी उपस्थित रहे। प्रशासक ने सभी जोन में प्रत्येक सोमवार को होने वाले जनदर्शन की जानकारी ली और कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, प्राप्त

आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता अच्छी हो। पानी, बिजली, सफाई इत्यादि विषयों को लेकर अधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर समस्याओं का निदान करें। वही अपनी समस्याओं और शिकायत लेकर लोगों से प्रशासक उनकी समस्याओं से अवगत हुए। आवेदक गौतम नवशरे ने आज चबूतरा आबंटन कराने के लिए प्रशासक के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

146 पर लगा अर्थदंड

निगम क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु हर व्यक्ति को मास्क लगाना अनिवार्य है। मास्क नहीं लगाने वालों पर कार्यवाही अभियान चलाया जा रहा है। बिना मास्क के घर से बाहर निकलने वालों पर शहर में कार्यवाही करते हुए ऐसे लोगों से जुर्माना वसूल किया है। कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए घर से बाहर निकलने वाले सभी व्यक्तियों को मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने लोगों पर कार्रवाई करने निर्देश दिए।

सार्वजनिक जगहों का सब इंजीनियर करेंगे विजिट

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र के सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों के मॉनिटरिंग अब सब इंजीनियर नियमित रूप से करेंगे। साथ ही मामूली संधारण तत्काल और मरम्मत की आवश्यकता पड़ने पर प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करेंगे। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने योजना के तहत बने पुराने की जगह नया सार्वजनिक शौचालय निर्माण करने के निर्देश दिए है। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि आमतौर पर सब इंजीनियर नए निर्माण कार्य में रूचि दिखाते है। कार्य पूर्ण होने के बाद देखरेख के अभाव में भवन क्षतिग्रस्त हो जाता है। धीरे.धीरे वह उपयोग के लायक नहीं रहता। इसलिए सभी सब इंजीनियर समय-समय पर सार्वजनिक उपयोग वाले जगहों की मॉनिटरिंग करे, ताकि सरकारी मद में बने भवनए उद्यान या अन्य सुविधाओं का लाभ नागरिकों को लंबे समय तक मिल सके। आयुक्त ने समीक्षा बैठक में कहा कि सभी सब इंजीनियर इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करे। बैठक में नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर, सहायक अभियंता राजकुमार जैन समेत विभाग प्रमुख मौजूद थे।

महापौर मांडले की अध्यक्षता में परिषद की बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई 3। महापौर परिषद् की बैठक महापौर चंद्रकांता माण्डले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में एमआईसी सदस्य चंद्रप्रकाश पाण्डेय, अर्पणादास गुप्ता, आशा यादव, नंदिनी जांगडे, तुलसी मरकाम एवं रोहित साहू सहित आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, निगम सचिव अश्वनी चंद्राकर, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक लेखा अधिकारी राजकुमार देवांगन, राजस्व निरीक्षक अरूणिमा दुबे, स्थापना प्रभारी तारिणी वर्मा आदि उपस्थित थे। एजेंडा में सम्मिलित अधिकांश विषयो को चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मिडियम स्कूल भिलाई 03 में प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष एवं टॉयलेट निर्माण तथा प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम एवं लाइब्रेरी बिल्डिंग लागत क्रमशः 32.67 लाख, 30.40 लाख, अधोसरंचना मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यो के स्थल परिवर्तन लागत 16.50 लाख, ब्राम्हिन तालाब भिलाई-3 के सौदर्यीकरण लागत 37.96, देवबलौदा करसा तालाब में विकास कार्य लागत 30 लाख, सीवर लाईन निर्माण उमदा रोड वार्ड 17 का स्थल परिवर्तन करते हुये दादर हाउसिंग बोर्ड एवं बाम्बे आवास वार्ड 22 में किया गया। सीवर लाईन उत्तर वसुंधरा नगर वार्ड 17 का स्थल परिवर्तन करते हुये उमदा वार्ड हाउसिंग बोर्ड एवं अटल आवास वार्ड 17, वार्ड 37 में आर.सी.सी नाली निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति, वार्ड 40 गनियारी बांधा तालाब सौदर्यीकरण कार्य हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की पुष्टि, राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत वार्ड-6 उमदा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पुनरीक्षित व्यय 48.78 लाख की कार्योत्तर व्यय की स्वीकृति, 14 वें वित्त आयोग अंतर्गत स्काई लिफ्ट वाहन क्रय की प्रशासकीय स्वीकृति, 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत एयर क्वालीटि इनडेक्स मेनेजमेंट के सामग्रीक्रय हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की अनुमति, राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजना वार्ड-6 उमदा में पुनरीक्षित व्यय 26.47 लाख की वित्तीय स्वीकृति, 14 वें वित्त आयोग अंतर्गत ईगार्बेज रिक्शा क्रय करने प्रशासकीय स्वीकृति।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रिता सोनेकर पति आनंद सोनेकर निवासी म.न. 557 मोहन नगर वार्ड 12 दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 332/1 का टु. रकबा 1275 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार पवन कुमार पिता राजकुमार साहू से दिनांक 25.06.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700254

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रजनी प्रभा गुप्ता पति स्व. प्रकाश मोहन गुप्ता निवासी ग्राम गवलीपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1314/50 रकबा 0.021 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार प्रकाश नारायण गुप्ता आ. मदन मोहन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ढोमलाल साहू आ. बोधनलाल साहू निवासी ग्राम भोथली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/19 रकबा 616 वर्गफीट भूमि को विक्रेता मोहम्मद अकरम खोखर पिता हारुन खोखर निवासी ग्राम तमेरपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.03.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202107100400333

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजकुमार साहू आ. प्रहलाद साहू निवासी स्मृति नगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/115 रकबा 0.005 हें/ 594 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202104100400097

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती राम्हीन यादव पति श्री रामप्रसाद यादव निवासी बजरंग नगर उतई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 661/3 रकबा 0.020 हें/ 2205.91 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशांत कुमार उके पिता स्व. कमलदास उके निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 480/89 रकबा 756 वर्गफीट भूमि को विक्रेता नीलिमा उके पिता स्व. कमलदास उके निवासी ग्राम मैत्री नगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.03.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700250

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशांत कुमार उके पिता स्व. कमलदास उके निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1313/15 रकबा 0.006 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता नीलिमा उके पिता स्व. कमलदास उके निवासी ग्राम मैत्री नगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 16.03.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री कृष्णकुमार देशमुख आ. खोरबाहराराम देशमुख साकिन समोदा द्वारा ग्राम समोदा प.ह.न. 13 रा.नि.मं. दुर्ग-01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 314/3, 314/8 रकबा 1.080, 0.790 हे. जो उसके स्व. रतनीबाई पिता/पति खोरबाहराराम के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.08.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री खोरबाहरा आ. डेहार साकिन समोदा द्वारा ग्राम समोदा प.ह.न. 13 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 544/1, 751/1, 757/1, 838/4 रकबा 0.13, 0.30, 0.37, 0.010 हे. जो उसके स्व. परदेशनीन पति डेहार के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.08.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री पंकज चंद्राकर आ. स्व. घनश्याम सिंह चंद्राकर साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम अरसनारा प.ह.न. 15 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 660/13 रकबा 0.014 हे. जो उसके स्व. घनश्याम सिंह चन्द्राकर के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06.08.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं.//अ-27/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चेतनलाल आ. उदेराम निवासी कातरो तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातरो तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक.. में दर्ज भूमि खसरा नंबर 491/1, 675, 705/1, 903/1 रकबा 2.9800, 0.0700, 0.0600, 3.7900, 2.7390 हे. भूमि जो कि आवेदक चेतनलाल अन्य के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर पृथक-पृथक सामान हिस्सो में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका पुष्पा देवांगन आ./पति बालकृष्ण साकिन रिसाली भिलाई के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 363/1 रकबा 15242 वर्गफीट हे. भूमि विक्रेता रामनारायण अन्य 03 पति स्व. भागूलाल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 01.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-27/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुलऊ पिता अगरहिज निवासी चंगोरी मौजा चंगोरी प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1323 रकबा 0.030 हे. को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टहलराम आ. असवंत निवासी कातरो तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातरो तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 558/5 रकबा 0.2200 हें भूमि जो कि जमुनाबाई पति असवंत के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी जमुना बाई पति असवंत की मृत्यु 10.10.1997 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

(धारा 178 प्रारुप)

रा.प्र.क्र./अ-27/वर्ष 2020-21

क्योंकि मौजा भटगांव तहसील व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी निर्मल साहू I. अनुपराम साहू साकिन भटगांव तहसील व जिला दुर्ग ने निम्नकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है। एवं सुनवाई का दिनांक ... स्थान तहासील कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एद्त द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्वित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आश्रेपों यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नही कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नही किया जावेगा।

खाते का विवरण

खसरा नंबर 312, 333, 345, 347, 460, 479, 510, 567 रकबा कुल 2.45 हे

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-6अ/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कामदेव गंधर्व पिता स्व. फकीरेलाल गंधर्व निवासी केलाबाड़ी वार्ड 41 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह प.ह.नं. 25 अ रा.नि.मं. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 722/9, 723/9 कुल रकबा 0.007 हे. लगान 0.01 पैसा भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड/ ऋण पुस्तिका क्रं. डी-35814 में आवेदक का नाम संक्षेप में के.डी. गंधर्व पिता स्व. फकीरेलाल गंधर्व लिखा है। उसके पर आवेदक अपना पूरा नाम कामदेव गंधर्व पिता स्व. फकीरेलाल गंधर्व स्कूल शिक्षा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के आधार पर राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 11.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार/उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700312

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यश गोयल पिता स्व. बालकिशन गोयल निवासी एमआईजी 547 पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1193/3, 1193/5 रकबा 200.91 वर्गफीट भूमि को आवेदिका की माता कमला गोयल पति बालकिशन गोयल के द्वारा विक्रेता अमरीक सिंह आ. करतार सिंह से पंजीकृत बैनामा दिनांक 20.11.2001 के माध्यम से क्रय किया गया था। क्रय उपरांत आवेदित भूमि का संशोधन क्रं. 94 दर्ज दिनांक 11.12.2001 में दर्ज प्रविष्टि अनुसार आवेदित भूमि का नामांतरण/प्रमाणीकरण आवेदक की माता कमला गोयल के नाम पर किया जा चुका है। आवेदक की माता कमला गोयल की मृत्यु दिनांक 21.09.2012 को हो चुकी है व आवेदक के पिता बालकिशन गोयल की मृत्यु दिनांक 15.07.2001 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र, पूर्व में हुए प्रमाणीकरण आदेश व क्रेता की मृत्यु हो जाने पर आवेदित भूमि पर अभिलेख दुरुस्त करते हुए आवेदक व अन्य वारिसान मनीष गोयल के नाम पर फौती दर्ज किए जाने बाबत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार/उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700303

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश शर्मा पिता मन्नूलाल शर्मा निवासी शंकरनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1306/27, 1306/45 रकबा 0.008, 0.007 हे. भूमि जो कि ना.बा. वासु शर्मा पिता स्व. मिथलेश शर्मा पालक वली चाचा राजेश शर्मा व अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार ना.बा. वासु के बालिग हो जाने पर उसके द्वारा अपने नाम से नाबालिग शब्द विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./114/अ-20(3) वर्ष 2020-21

आवेदिका श्रीमती नेहा सोनी पति भावेश सोनी निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी भूंखड क्र 198 क्षेत्रफल 151 वर्गमीटर भूमि धारकगण अनिल किशोर, सतीशचंद्र, कमलेश दत्त तिवारी, साधना पिता रामकुमार तिवारी निवासी कोष्टापारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण द्वारा उक्त भूखण्ड का अंश भाग 67.35 वर्गमीटर पंजीकृत बैनामा दिनांक 03.02.2021 द्वारा आवेदिका श्रीमती नेहा सोनी को विक्रय की है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखण्ड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.08.2021 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./115/अ-20(3) वर्ष 2020-21

आवेदिका श्रीमती संतोष सोनी पति गोवर्धन सोनी एवं अन्य 01 निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी भूंखड क्र 198 क्षेत्रफल 151 वर्गमीटर भूमि धारकगण अनिल किशोर, सतीशचंद्र, कमलेश दत्त तिवारी, साधना पिता रामकुमार तिवारी निवासी कोष्टापारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण द्वारा उक्त भूखण्ड का अंश भाग 83.65 वर्गमीटर पंजीकृत बैनामा दिनांक 11.02.2021 द्वारा आवेदिका श्रीमती संतोष सोनी एवं अन्य को विक्रय की है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखण्ड से धारक का नाम विलोपित कर क्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.08.2021 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

अनलॉक स्कूल: प्रदेश में स्कूल खोलने को शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा चुनौती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 2 अगस्त से स्कूल खोलने कैबिनेट में मुहर लगने के बाद शिक्षा विभाग ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कोरोना संक्रमण से निपटने शिक्षकों को वैक्सीन लगाना अनिवार्य कर दिया है। मंत्री ने अधिकारीयों को आदेश दिया है कि बिना वैक्सीन लगाए शिक्षकों को स्च्होल न आने दिया जाये।

बताया जा रहा है कि हाई स्कूल के तकरीबन 80 फीसद शिक्षकों ने वैक्सीन लगवा लिया है। वहीँ जो शिक्षक अभी तक नहीं लगाए हैं वो भी 2 अगस्त के पहले लगा लेंगे।

स्कूल खोलना है एक चुनौती : टेकाम

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम की माने तो स्कूल खोलने (ठ्ठद्मशष्द्म स्ष्द्धश्शष्द्य) में कोरोना संक्रमण की चुनौती काफी है। लेकिन बच्चों के भविष्य को देखकर इसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीते 2 सालों से कोरोना संक्रमण की वजह से बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश के सभी स्कूल बंद है। अब कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करते हुए हाई स्कूल के विद्यार्थी 2 अगस्त से स्कूल पहुंचेगे। इसमें भी 50 प्रतिशत की उपस्थिति रखने स्कूल प्रबंधनों को आदेश दिया गया है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि टीका की आपूर्ति नहीं होने के कारण टीका लगाने में दिक़्क़त आ रही है। टीका सप्लाई समय में होती है तो आज तक शत प्रतिशत टीकाकरण हो जाता।

स्कूल में गाइडलाइन का पालन अनिवार्य

स्कूल में बच्चों (अनलॉक स्कूल) की सुरक्षा को लेकर स्कूल में थर्मल मशीन, सैनेटाइजर की व्यवस्था में कोई भी कोताही नहीं बरतने का निर्देश भी दिया गया है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को मास्क पहनकर आना भी अनिवार्य किया गया है। यदि किसी छात्र-छात्राओं को खांसी या बुखार हो तो उसे कक्षा में प्रवेश नहीं दिए जाने के बात भी कही गई है,जिससे दूसरे बच्चे सुरक्षित रहे। मंत्री ने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल के पालन की निगरानी के लिए स्कूल के शिक्षक, प्राचार्य, बीईओ और डीईओ को महती जिम्मेदारी दी गई है। निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई सम्बन्धित लोगों पर की जाएगी। साथ ही शिक्षा मंत्री ने पालकों से भी अपील की है। उन्होंने कहा है कि बच्चों को स्कूल भेजते समय पालक कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए बच्चों को मास्क पहनाएं और यदि बच्चों को सर्दी खांसी बुखार हो तो स्कूल कतई न भेजें। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.5 प्रतिशत है। संक्रमण कम होने की स्थिति में ही प्रदेश में स्कूल और कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है। वहीँ विशेषज्ञों की माने तो कोरोना के तीसरे लहर में बच्चे अधिक प्रभावित होंगे,जिसे दरकिनार भी नहीं किया जा सकता। इसके बाद भी राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में 2 अगस्त से स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया है,जो कितना सफल साबित होगा ये तो समय ही बताएगा।

पं. बाल गंगाधर तिलक, शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती एवं महंत बिसाहू दास की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजीव भवन में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रदेश युवा कांग्रेस, प्रदेश एनएसयूआई, प्रदेश कांग्रेस इंटक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठो के विभागों ने भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. बाल गंगाधर तिलक और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती एवं महंत बिसाहूदास की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रभारी महामंत्री प्रशासनिक रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य शकुन डहरिया, प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, नितिन राजीव सिंहा, मुन्ना लाल अग्रवाल, प्रत्युष भारद्धाज उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को गुरू पूर्णिमा पर दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने गुरू पूर्णिमा पर जारी अपने संदेश में कहा है कि महाभारत और वेदों के रचयिता महर्षि वेद व्यास के अवतरण दिवस आषाढ़ पूर्णिमा के दिन भारत में गुरू पूर्णिमा मनाने की परम्परा रही है है। यह विशेष दिन अपने आराध्य गुरू के मार्गदर्शन और अमूल्य ज्ञान के प्रति आस्था, सम्मान और आभार प्रगट करने का महापर्व है। श्री बघेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरू को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्हें साक्षात परब्रम्ह की संज्ञा दी गई हैं क्योंकि वे अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान की रोशनी की ओर लेकर जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूजन सही राह दिखाकर जीवन को प्रगति की दिशा में लेकर जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

घरेलू विवाद पर बेटे ने पिता को रॉड से मारकर चोट पहुंचाया, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। घरेलू विवाद पर पिता की बेटे ने पिटाई कर दी। मामले की शिकायत सेजबहार थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डुण्डा मुजगहन रायपुर निवासी ईश्वर साहू 28 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी का भाई घरेलू विवाद में अपने पिता छविराम साहू को गाली-गलौचकर जान से मारने की धमकी देकर लोहे की रॉड से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

बाईक की सीट पर रखा मोबाईल लेकर आरोपी भागा, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। दुकान के सामने खड़ी बाईक की सीट पर मोबाईल रखकर रुमाल से मुंह बांधते समय बाईक सवार मोबाईल लेकर भाग गया। मामले की शिकायत सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार सुक्रवारी बाजार गुढ़ियारी निवासी विजय धीवर 27 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 22 जुलाई को रात 09 बजे इंदल फर्नीचर दुकान के सामने खड़ी मोटरसाइकिल के सीट पर प्रार्थी अपना मोबाईल रखकर रुमाल से मुंह बांध रहा था तभी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीपी 8915 में सवार अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी का मोबाईल लेकर भाग गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

पूर्व विवाद को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व विवाद को लेकर एक व्यक्ति की स्टील पाईप से मारकर घायल कर देने की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार मयूर क्लब के पास पण्डरी निवासी सतीश कुमार गुप्ता 35 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि गुरुवार को रात 8.20 बजे कांच घर के पास पण्डरी में पुराना झगड़ा में चोट लगने की बात को लेकर इलाज कराने के लिए सुफरान एवं उसके साथी पैसा मांग रहे थे,मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौचकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर स्टील पाई से मारकर चोट पहुंचाया।

कांग्रेस की सरकार में वनवासी समाज सुरक्षित नहीं : कौशिक

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में एक आदिवासी परिवार के साथ हुए घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश वनवासी समाज के लोग कहीं भी सुरक्षित नहीं है। जिस तरह की घटना प्रदेश में लगातार घटित हो रही है वह बेहद ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आदिवासी परिवार के सदस्य को कांग्रेस नेता बलराम कश्यप द्वारा जिस तरह से मारपीट की गई यह बेहद ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला गौरेला थाना के तेंदुमुड़ा गांव का है जहां के रहने वाले वनवासी समाज के बुरी तरह से पिटाई की गई जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटे आई है। यह मामला पौधरोपण को लेकर हुआ है। जिसके बाद से ही विवाद हुआ और कांग्रेस नेता बाला प्रसाद कश्यप ने बेरहमी से पीटा है व पूरे परिवार का भयादोहन किया जा रहा है। इससे पूर्व भी इस जिले में कांग्रेस के एक नेता के पुत्र द्वारा एक व्यक्ति की पिटाई की गई थी जिस पर भी कांग्रेस की मौनता कई सवालों को जन्म देता है।

हर्ष शुक्ला यूथ कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक बने

रायपुर/नवप्रदेश। मरौदा भिलाई निवासी युवा नेता हर्ष शुक्ला को राज्य यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष निखिल द्विवेदी ने प्रदेश मीडिया विभाग का सह संयोजक बनाया है। ज्ञातव्य है कि ऊर्जावान शुक्ला शुरू से ही जनसेवा के प्रति समर्पित रहे हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर शुक्ला से चर्चा करने पर उन्होंने प्रतिनिधि को बताया कि नई जिम्मेदारी मिलने से उनमें उत्साहवर्धन हुआ है। वे पूरी जिम्मेदारी के साथ उन्हें सौपे गये कार्यों को सम्पादित करेंगे। जनसमस्याओं के निराकरण के लिए वे हमेशा आम लोगों के बीच उपलब्ध रहेंगे।

बस्तर का जुझारू कांग्रेसी ने लिखा आलाकमान को पत्र, बताया अपना दर्द

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर का जुझारू कांग्रेसी उमा शंकर शुक्ला ने आलाकमान सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया को पत्र लिखकर अपना दर्द बयां किया है।

लंबे समय से निगम-मंडल की सूची का इंतजार कर रहे कांग्रेस नेताओं को उस समय निराशा हाथ लगी, जब तीसरी सूची जारी कर दी गई। कई वरिष्ठ नेता सिर्फ सदस्य बनाये जाने से नाराज हैं तो कुछ ऐसे नेताओं को जगह मिल गई है, जिन्हें जिले के कांग्रेसी जानते तक नहीं। ऐसे में बस्तर जिले के कांग्रेस के प्रति आस्था रखने वाले उमा शंकर शुक्ला ने भी अपना दुख दिग्गजों से बंया किया। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि, मैं विगत कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम कर रहा हूं। इस दौरान एनएसयूआई के महासचिव, भारतीय युवक कांग्रेस बस्तर ईकाई के महासचिव एवं अध्यक्ष रहा। इसके अलावा शहर जिला कांग्रेस कमेटी बस्तर जिला जगदलपुर के अध्यक्ष, सहकारिता क्षेत्र में भी सक्रिय रहा। विपणन सहकारी संस्था एवं किसान राईस मिल के अध्यक्ष भी रह चुका। विकास बैंक बस्तर जिला के संचालक मंडल के सदस्य, भूमि विकास बैंक छग के संचालन, बस्तर जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के संचालक सहित ग्राम पंचायत बस्तर

उपसंरपच भी रहे हैं। कांग्रेस के द्वारा किये गये हर जन आंदोलन में मैं आगे रहकर सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान जेलभरो आंदोलन में जेल भी गया। इतना समर्पित होकर काम करने के बाद भी आज पार्टी की तरफ से उपेक्षा का शिकार हुआ। उन्होंने कहा कि, अत्यन्त ही खेद के साथ व्यक्त करना पड़ रहा है कि ऐसे कर्मठ और आमजनों से जुड़ा हुआ व्यक्ति को छत्तीसगढ़ में न तो प्रदेश कांग्रेस के संगठन में ली जा रही है और न वरिष्ठता क्रम में निगम, मंडल, आयोग में स्थान दिया गया।

स्पंदन: अपने नाम के अनुरूप ही काम, डीजीपी ने महसूस किया और दी राहत! आप भी पढ़िए

डीजीपी ने वीडियो कॉल के जरिए सुनी पुलिसकर्मियों और परिजनों की समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना से मेरे घर में तीन लोगों की मृत्यु हो गयी है। मेरे पिता, पत्नी और बहन की हाल ही में कोरोना से जान चली गयी। रायपुर में दो छोटे-छोटे बच्चे अकेले रह रहे हैं। उनकी देखरेख के लिये कोई नहीं है। मैं बस्तर में पदस्थ हूं। इस परिस्तिथि में बच्चों की देखभाल में बहुत परेशानी हो रही है। ये कहते हुये बस्तर में पदस्थ निरीक्षक सुरेंद्र कुमार बघेल की आंखे भर आई।ये दृश्य किसी फिल्मी नहीं बल्कि पुलिसकर्मियों द्वारा चलाए गए कार्यक्रम 'स्पंदन' की है। जहां डीजीपी डीएम अवस्थी स्वयं उनकी बात को सुनकर तत्काल स्थानांतरण का आदेश जारी किया।

आपको बताते चले कि 'स्पंदन' अपने नाम के अनुरूप ही काम कर रही है। इसका उदाहरण ये केसेस है, जिसमें डीजीपी ने हरेक के 'स्पंदन' को महसूस कर उन्हें राहत देने का प्रयास किया।

ज्ञात हो कि सीएम भूपेश बघेल की मंशानुसार पुलिसकर्मी एवं उनके परिजनों में तनाव कम करने के लिए प्रत्येक गुरुवार को 'स्पंदन' के नाम से कार्यक्रम होता है। इसमें पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों ने डीजीपी डीएम अवस्थी वीडियो कॉलिंग के जरिए वे सभी अपनी-अपनी समस्यायें रखीं।

किसी की किडनी ट्रांसप्लांट तो किसी की हुई ओपन हार्ट सर्जरी

हरवंश को मुंह का कैंसर बोलने में असमर्थ... बेटी ने सुनाया दिल का हाल आरक्षक हरवंश यादव जब अपनी बात रखने के लिये कैमरे के सामने आये तो अपनी समस्या बता भी नहीं पा रहे थे। कारण उन्हें मुंह का कैंसर है। तकलीफ और दर्द इतना कि बात भी नहीं कर सकें। हरवंश यादव से जब नहीं बोला गया तो उनकी दस साल की बेटी ने कैमरे पर आकर पिता की समस्या से डीजीपी को रूबरू कराया। बेटी ने बताया कि उनके पिता रामानुजगंज में पदस्थ हैं। यदि उनका कांकेर स्थानांतरण कर दिया जाये तो परिवार उनकी देखभाल कर पायेगा।

प्रीतिका की पति का हुआ ओपन हार्ट सर्जरी... दूर रहकर कैसे संभाले

मैनपाट से प्रीतिका एक्का ने बताया कि उनके पति की हार्ट अटैक के बाद ओपन हार्ट सर्जरी हुई है। वे सुकमा में पदस्थ हैं। मैनपाट स्थानांतरण होने से वे उनकी अच्छे से देखभाल कर पाएंगी।

टोपेंद्र के दोनों किडनी फेल... ट्रांसप्लांट भी सफल नहीं

आरक्षक टोपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि उनकी दोनों किडनी फेल हैं। पिता की एक किडनी उन्हें ट्रांसप्लांट की गयी लेकिन वह सफल नहीं हुई। इस वजह से उनकी तबियत बेहद नाजुक रहती है।

वे बेहतर देखभाल के लिए दूसरी बटालियन संकरी से घर के नजदीक प्रथम बटालियन भिलाई स्थानांतरण चाहते हैं।

थल सेना भर्ती की लिखित परीक्षा में शामिल होने आज रोजगार कार्यालय से वाहन की व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना की दुर्ग में आयोजित भर्ती रैली में शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों की लिखित परीक्षा 25 जुलाई रविवार को कलिंगा युनिवर्सिटी कोटनी नया रायपुर में निर्धारित की गई है।

उप संचालक, रोजगार ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदक जिला रोजगार कार्यालय, रायपुर से 24 जुलाई दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक परीक्षा स्थल तक पहुंचने की निःशुल्क सुविधा प्राप्त कर सकते है। जिला रोजगार कार्यालय रायपुर से आवेदकों को परीक्षा स्थल तक ले जाने के लिये अंतिम बस रात्रि 11 बजे प्रस्थान करेगी। अतः आवेदक निर्धारित समय के भीतर अपनी उपस्थिति रोजगार कार्यालय रायपुर में प्रवेश पत्र के साथ देना सुनिश्चित करें। आवेदक यदि स्वयं की व्यवस्था से परीक्षा स्थल तक पहुंचते है तो उनके अल्प समय के विश्राम की व्यवस्था शासकीय एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला कुहेरा में की गई है।

सामान्य सभा की बैठक में कुर्सी की मारा-मारी

■ पीछे मिली सीट तो 2 पार्षद बैठ गये जमीन पर

रायपुर/नवप्रदेश। करीब 9 महीनों के बाद शुक्रवार को रायपुर नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई। लेकिन चर्चा शुरू होने से पहले ही संदन में जबर्दस्त हंगामा शुरू हो गया।

ये बवाल किसी जनहित मुद्दें को लेकर नहीं बल्कि दो पार्षदों की बैठने की जगह को लेकर हुई।

दरअसल, सदन में उनके लिए जहां बैठक व्यवस्था तय की गई थी, निर्दलीय पार्षदों को वह पसंद नहीं था, लिहाजा वें गर्भगृह में प्रवेश कर गए। इसके बाद सभापति और महापौर ने दोनों पार्षदों को जमकर फ्टकारा, साथ ही चेतावनी दी कि ये सदन है, गरिमा बनाए रखें। यहां पर उनकी मर्जी नहीं चलेगी।

बैठक की व्यवस्था को लेकर उठे सवाल

पार्षद अमर बंसल और गोपीश साहू ने अपनी बैठक (Raipur Nagar Nigam) व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए और स्थान परिवर्तन की मांग की। दरअसल, इन दोनों ही पार्षदों की बैठक व्यवस्था पीछे रखी गई है, जिस पर उन्होंने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि यह उनके साथ अन्याय हो रहा है।

सभापति प्रमोद दुबे ने दोनों पार्षदों को गर्भगृह से बाहर निकलकर अपने स्थान में बैठने के लिए कहा, लेकिन दोनों ही पार्षद अपनी मांग पर अड़े रहे और गर्भगृह में ही बैठ गए। इस पर सभापति प्रमोद दुबे ने नाराजगी व्यक्त की।

नेता प्रतिपक्ष ने महापौर पर दागा सवाल

वहीं सभापति के समझाने के बाद महापौर एजाज ढेबर ने अपने सीट से उठकर पार्षदों से अपने सीट पर बैठने का निवेदन किया। इस दौरान भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे और नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने बैठक व्यवस्था को लेकर महापौर को घेरा। उनका कहना है कि पार्षदों की बैठने की व्यवस्था नियमानुसार होना चाहिए। इस व्यवस्था पर प्रश्न उठने के बाद अध्यक्ष को घेरते हुए मृत्युंजय दुबे ने कहा कि वो उनसे पहले से चुनाव जीतकर इस सदन में आये हैं, उन्हें नियम का ज्ञान हैं, पार्षदों की बैठने की सीट निर्धारित होनी चाहिये, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

वरिष्ठ पत्रकार राजा दास के निधन पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्पीकर एवं मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार राजा दास का आज निधन हो गया। वो पिछले कई दिनों से डायबिटीज और कुछ अन्य बीमारी के इलाज के लिए रायपुर एम्स में भर्ती थे। राजा दास राजनीति और समसामयिक विषय पर गहरी पकड़ रखने वाले पत्रकार थे। वो पिछले 14 सालों से द हितवाद से जुड़े हुए थे। 52 वर्षीय राजा दास अपने पीछे पत्नी झुमा दास और एक बेटा अरियेश दास को छोड़ गये है। राजा दास विगत 15 वर्षों से विधानसभा की रिपोर्टिंग करते आ रहे थे और उनकी रिपोर्टिंग एवं कार्यशैली के कारण ही उन्हें वर्ष 2020 का उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

राज्यपाल ने दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने वरिष्ठ पत्रकार राजा दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने राजादास के निधन पर दुख प्रकट किया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दैनिक अंग्रेजी अखबार द हितवाद के उप संपादक और वरिष्ठ पत्रकार राजादास के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने उनके शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए, ईश्वर से उन्हें इस दुख की घड़ी को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

विस् अध्यक्ष ने भी गहरा दु:ख व्यक्त किया

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने हितवाद के उप संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजा दास के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने राजा दास को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है एवं उनके शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

मशक्कत | **रायपुर नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक**

गोलबाजार देश के लिए बनेगा उदाहरण, न टेंडर देंगे न बेच पाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम में आज सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी। नगर निगम को शासन से मालिकाना हक में प्राप्त गोलबाजार की भूमि का बंदोबस्त एवं आवंटन का एजेंडा चर्चा के लिए लाया गया है। नगर निगम को 1 रुपए टोकन मनी पर मिले गोलबाजार क्षेत्र में छोटे बड़े व्यवसायी मिलाकर करीब 1000 व्यापारी व्यवसाय करते हैं। जिनसे नगर निगम को किराए के रूप में एक साल में केवल 70 लाख रुपए मिलते हैं। जबकि इस क्षेत्र में संपत्ति कर की राशि ज्यादा मिल सकती है। इसलिए नगर निगम वित्तीय स्थिति मजबूत करने व्यापारियों को उनके स्थल पर ही निर्माण सहित विक्रय दुकानों का मालिकाना हक देने के लिए 102 फीसदी पेमेंट लेंगे।

भाजपा को भी लिया आड़े हाथ

सामान्य सभा खत्म होने पर मीडिया से बात करते हुए महापौर एजाज ढेबर भाजपा पार्षदों को भी लिया आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के 15 वर्षों के शासनकाल में कई शिविर लगाएं है। विपक्ष होने के नाते हमने हर शिविर में करीब 5 से 7 हजार आवेदन जनहित में लगाए, लेकिन एक काम भी पूरा नहीं किया गया। आज हमारी सरकार भी शिविर लगाती है और उसमें काम होते देख विपक्ष बौखलाया हुआ है।

तुंहर सरकार तुंहर द्वार पर बोले

तुहर सरकार तुहर द्वार के तहत वार्डों में श्रम कार्ड शिविर का आयोजन किया था, उस समय काफी अव्यवस्था देखने को मिला। पुराने श्रम कार्डधारियों को ही दुबारा मिला, नए लोगों का कार्ड नहीं मिल पाया। इसके जबाव में ढेबर ने कहा कि आरोप-प्रत्यारोप चलते रहता है। अगर ऐसा हुआ होता तो तुहर सरकार तुहर द्वार कार्यक्रम इतना सफल नहीं होता। पूरे प्रदेश में सफलता हासिल किया, क्योंकि ये जनहित से जुड़ा मुद्दा है और जनता से इसका वास्ता है।

लंबे समय बाद हुई सामान्य सभा

कोरोना संक्रमण काल की वजह से लंबे समय के बाद रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा आज आहूत की गई। बैठक निर्धारित समय पर शुरू हुआ, लेकिन कार्रवाई में दो निर्दलीय पार्षदों ने अड़गा डाल दिया। पार्षद अमर बंसल और गोपीश साहू ने अपनी बैठक व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिया और स्थान परिवर्तन की मांग की।

6 नवंबर 2020 को नगर निगम के अंतिम बार सामान्य सभा की बैठक हुई थी। उसके बाद कोरोना वायरस के कारण सामान्य सभा स्थगित कर दी गई थी। पिछले दिनों भाजपा पार्षद दल की बैठक में यह आरोप लगाया गया था कि कांग्रेस बहुमत वाले रायपुर नगर निगम में विकास से संबंधित एक भी मुद्दा नहीं है। करीब 8 माह बाद हुए नगर निगम के सामान्य सभा 21 एजेंड़े पर चर्चा होना था नहीं हो पाया।

संपादकीय

जनसंख्या विस्फोट का खतरा

उत्तर प्रदेश और असम की राज्य सरकारें द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने का काम शुरू करते ही केन्द्र सरकार पर भी यह दबाव बढ़ने लगा है कि वह संसद के मानसून सत्र में ही जनसंख्या नियंत्रण विधेयक पेश करें। यद्यपि संसद में चल रहे हंगामे के कारण इस सत्र में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनने की संभावना कम ही नजर आ रही है लेकिन प्रस्तावित जनसंख्या नियंत्रण कानून का विरोध भी शुरू हो गया है। खासतौर पर तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दलों ने प्रस्तावित जनसंख्या नियंत्रण कानून के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दुनिया में आबादी के मामले में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर है, यदि जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना और भारत की आबादी इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आने वाले कुछ सालों में ही भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाएगा। गौरतलब है कि बढ़ती आबादी का बोझ उठाना अब मुश्किल होता जा रहा है। संसाधन सिमित है और आबादी बढ़ती ही जा रही है। स्थिति यह है कि देश में 85 प्रतिशत लोगों को शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बढ़ती आबादी के साथ ही गरीबी, भुखमरी और बेराजगारी की समस्या भी विकराल रूप धारण करती जा रही है। बढ़ती आबादी का दुष्प्रभाव कोरोना काल में सबने देखा है, जब अस्पतालों में बेड की कमी हो गई थी, ऑक्सीजन का टोटा हो गया था यहां तक की दवाई और इंजेक्शन की आपूर्ति करना मुश्किल हो गया था। यदि भविष्य में कोई महामारी फैलती है तो उससे इतनी बड़ी आबादी को बचा पाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। जनसंख्या विस्फोट के खतरे को मद्देनजर रखते हुए केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करें। एक या दो बच्चों के परिवार वालों को ही सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ मिलें, उससे ज्यादा बच्चे वाले परिवारों को सभी शासकीय सुविधाओं से वंचित किया जाएं। ऐसे लोगों को न सिर्फ चुनाव लड़ने से बल्कि वोट देने के अधिकार से भी वंचित किया जाना चाहिए। इस तरह के कड़े कदम उठाने से ही बढ़ती आबादी पर लगाम लगेगी और देश पर मंडराता जनसंख्या विस्फोट का खतरा टलेगा।

विचार

इस बहस की दिशा बदलिए

राज्यसभा में हाल ही में बताया गया कि कोविड-19 की दूसरी लहर (डेल्टा वेरिएंट के कारण यह आई थी) में राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में ऑक्सीजन की कमी के कारण किसी मरीज की जान नहीं गई। हालांकि, केंद्र सरकार ने यह माना कि दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। पहली लहर की चरम स्थिति में जहां 3,095 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी, वहीं दूसरी लहर में हाहाकार के दौरान ऑक्सीजन की मांग बढ़कर 9,000 मीट्रिक टन के करीब हो गई थी।

सवाल यह है कि क्या दूसरी लहर में भारत के हालात बिल्कुल अलग थे? इंडोनेशिया की दशा आज सच्चाई बयां कर रही है। यह देश फिलहाल उसी दौर से गुजर रहा है, जिससे कुछ हफ्ते पहले हमारे देश के कई शहर जूझ रहे थे। इंडोनेशिया के प्रमुख अखबार जकार्ता पोस्ट के मुताबिक, डेल्टा वेरिएंट के कारण मामलों में आए इस उछाल से इंडोनेशिया में हर दिन 50,000 नए मरीज सामने आ रहे हैं और यहां के स्वास्थ्य तंत्र पर इस कदर बोझ बढ़ गया है कि वह 'ध्वस्त होने के कगार' पर पहुंच चुका है। उसके स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, रोजाना की ऑक्सीजन-मांग 400 टन से बढ़कर 2,000 टन हो चुकी है। उन्होंने ऑक्सीजन की कमी का बड़ा कारण ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों का व्यवस्थित न होना बताया है। दरअसल, वहां ऑक्सीजन उत्पादन के ज्यादातर संयंत्र पश्चिमी जावा और पूर्वी जावा प्रांतों में स्थित हैं, जबकि मध्य जावा के 390 और योग्यकार्ता के 56 अस्पताल अपने मरीजों की ऑक्सीजन-जरूरत के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। अफ्रीका की सेहत भी इसी तरह से दिनोंदिन बिगड़ रही है। अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, वहां के करीब दो दर्जन देशों में संक्रमण में तेज उछाल आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल लिखता है, युगांडा के सबसे बड़े अस्पताल की गहन निगरानी इकाई (आईसीयू) में भर्ती हर 30 कोरोना मरीजों में से एक की मौत ऑक्सीजन और कर्मी की कमी से हुई। वहां ऑक्सीजन की मांग में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है, जो 2020 के इसी माह की तुलना में 50 फीसदी अधिक है। इससे वहां मांग के मुताबिक ऑक्सीजन का उत्पादन नहीं हो पा रहा। नए संक्रमण से जूझ रहे वहां के छह देशों के हालात का अध्ययन करके विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी बताया है कि अपनी जरूरत का महज 27 प्रतिशत ऑक्सीजन ही वे उत्पादित कर पा रहे हैं। संगठन के क्षेत्रीय निदेशक की मानें, तो अफ्रीका में तीसरी लहर 'विनाशकारी राह' पर है और अफ्रीकी देशों की सर्वोच्च प्राथमिकता ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ावा देना है।इसके बरअक्स अपने यहां की तस्वीर देखिए। दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की सर्वाधिक मांग 9,000 मीट्रिक टन थी, और तरल ऑक्सीजन की कमोबेश इतनी ही मात्रा का उत्पादन अपने यहां होता है। कुल उत्पादन में से करीब 10-15 फीसदी ऑक्सीजन अस्पतालों को चिकित्सा-कार्यों के लिए भेजी जाती है, जबकि शेष की आपूर्ति औद्योगिक क्षेत्रों (इस्पात उद्योग इसमें महत्वपूर्ण है) को होती है। चूंकि दूसरी लहर के 'पीक' पर पहुंचते ही कोविड-अस्पताल छह गुना अधिक ऑक्सीजन की मांग करने लगे, इसलिए उनकी मांगों को पूरा करने का मतलब था, औद्योगिक क्षेत्रों को भेजी जाने वाली ऑक्सीजन में 90 फीसदी तक की कटौती करना।

मजबूत भारत की आधारशिला इस्पात उत्पादन प्रोत्साहन योजना

डॉ. नरेश साहू

मोदी मंत्रिमंडल के इस फैसले में किसी एक कंपनी या समूह को एक साल में 200 करोड़ रुपए तक प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। इसकी अवधि पाँच वर्षों 2023-24 से 2027-28 तक होगी। इस योजना के तहत 40,000 करोड़ का निवेश होने से 25 मिलियन टन क्षमता का बढ़ने की उम्मीद है। जिससे 33,000 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा भी हमें आने वाले समय में प्राप्त होगी। विशेष स्टील का निर्यात भी 55 लाख टन होने की उम्मीद बताई जा रही है।करीबन 5,2500 लोगों को रोजगार मिलेगा जिसमें 68,000 प्रत्यक्ष रोजगार होगा। भारत दुनिया के सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश हैं।यहाँ के युवाओं को रोजगार चाहिए तभी भारत समृद्ध भारत हो बन पाएगा। इस योजना से सीधे फायदा युवाओं के कैरियर को होगा। जहां रोजगार के प्रयाप्त अवसर मिलेंगे वहीं के लोग, समाज व देश खुशहाल होंगे। भारत में इस्पात के प्रचुर भंडार मौजूद हैं, इसका समुचित दोहन आवश्यक है। इस्पात से ही हमारे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले छोटे से लेकर बड़े झुडे तकनीक या टूल बनते हैं। सुई लेकर भारी विमान- औद्योगिक ढांचे सब इसी स्टील (इस्पात) से ही बने होते हैं।

बातचीत में हम अक्सर लौह युग की बात करते हैं,लौह की खोज, उत्पत्ति व विकास ही औद्योगिक क्रांति की सही शुरुआत है। इसके बगैर हम औद्योगिक विकास की कल्पना नहीं कर सकते। भारत अब कच्चे स्टील उत्पादन में दुनिया का दूसरा नंबर का देश बन गया है। गुरुवार 22 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेष प्रकार के इस्पात के उत्पादन को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए 6322 करोड़ की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है।मोदी मंत्रिमंडल का यह फैसला भारतीय उद्योग,रोजगार व आने वाले नए भारत के मजबूत मेरुदंड का काम करेगा।

भारत इस्पात उत्पादन में दुनिया का दूसरा नंबर का देश है। अब तक भारत कच्चा इस्पात बड़ी मात्रा में निकालता है और अन्य देशों को निर्यात करता है। लेकिन अब स्पेशियलटी स्टील के उत्पादन इस्पात प्रोत्साहन को मंजूरी मिल गई है जिसके तहत पीएलआई योजना के तहत कंपनियों को यह सुनिश्चित करना है कि विशेष स्टील बनाने में ,प्रयुक्त इस्पात देश के भीतर पिघलाया और ढाला जाएगा। इससे साफ होता है कि इस्पात विनिर्माण में प्रयुक्त कच्चा माल भारत में ही बनाया जाएगा। मोदी मंत्रिमंडल के इस फैसले में किसी एक कंपनी या समूह को एक साल में 200 करोड़ रुपए तक प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। इसकी अवधि पाँच वर्षों 2023-24 से 2027-28 तक होगी। इस योजना के तहत 40,000 करोड़ का निवेश होने से 25 मिलियन टन क्षमता का बढ़ने की उम्मीद है। जिससे 33,000 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा भी हमें आने वाले समय में प्राप्त होगी। विशेष स्टील का निर्यात भी 55 लाख टन होने की उम्मीद बताई जा रही है।करीबन 5,2500 लोगों को रोजगार मिलेगा जिसमें 68,000 प्रत्यक्ष रोजगार होगा। भारत दुनिया के सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश हैं।यहाँ के युवाओं को रोजगार चाहिए तभी भारत समृद्ध भारत हो बन पाएगा। इस योजना से सीधे फायदा युवाओं के कैरियर को होगा। जहां रोजगार के प्रयाप्त अवसर मिलेंगे वहीं के लोग, समाज व देश खुशहाल होंगे। भारत में इस्पात के प्रचुर भंडार मौजूद हैं, इसका समुचित

दोहन आवश्यक है। इस्पात से ही हमारे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले छोटे से लेकर बड़े झुडे तकनीक या टूल बनते हैं। सुई लेकर भारी विमान- औद्योगिक ढांचे सब इसी स्टील (इस्पात) से ही बने होते। सभी तरह के मशीनरीज कल- पुर्जे सब इन्हीं स्टील से बने होते हैं। स्टील के बगैर आप किसी भी छोटे से लेकर बड़े मशीनरीज की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इस पीएलआई योजना के तहत कोटेड/ प्लेटेड

इस्पात उच्च क्षमता वाले स्टील, विशेष प्रकार के रेल ,अलाय स्टील उत्पाद और स्टील वायर ऑइलेक्ट्रिकल स्टील आएंगे। इन उत्पादों का उपयोग रेफ्रिजरेटर,वाशिंग मशीन,जैसे इलेक्ट्रिक उत्पादों वाहनों के कल पुर्जों, तेल एवं गैस परिवहन के पाइप,वायलट,रक्षा क्षेत्र में काम आने वाले

बैलिस्टिक आर्मर शीट,हाई-स्पीड रेलवे लाइन, टरबाइन उपकरणों, बिजली ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए किया जाता है। खनिज किसी भी देश के लिए मजबूत आधार होता है। खनिज से ही किसी भी देश की संपन्नता मापी जाती है। खनिज के मामले में भारत में उन्नत देश है। अब बात करते हैं इस्पात की तो भारत में इस्पात के प्रचुर भंडार मौजूद हैं, इसका समुचित दोहन भी आवश्यक है। भारत के कर्नाटक, ओड़ीसा,

झारखंड व छत्तीसगढ़ बड़े लौह उत्पादक राज्य हैं,यहाँ प्रचुर मात्रा में लौह अयस्क मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष्य में देखें तो यहाँ इस्पात के प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। भिलाई स्टील प्लांट, छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरी दुनिया में विख्यात है। दंतेवाड़ा जिले का प्रसिद्ध बैलाडिला का लोहा पूरी दुनिया मानती है,यहाँ की खदान की लोहा दुनिया के सबसे उच्चतम कोटि का लोहा माना जाता है।यहाँ का कच्चा लोहा एनएमडीसी संयंत्र के माध्यम से विशाखापट्टनम बंदरगाह के माध्यम से जापान जाता है। इसी तरह कांकेर जिले स्थित रावघाट का लोहा भी उच्च क्वालिटी का माना गया है। इसे विशेष इस्पात उत्पादन प्रोत्साहन (स्पेशियलटी स्टील) योजना से जुड़ेंगे तो प्रदेश सहित देश को समुचित लाभ मिलेगा। इस इस्पात से पूंजी निवेश, औद्योगीकरण,रोजगार-व्यवसाय व बाजार को आप में जोड़ने की जरूरत है, तभी देश आत्मनिर्भरता की ओर गतिमान होगा और कोरिया-जापान आदि इस्पात विनिनिर्माण देशों के समकक्ष आएगा।

आज भी भारत से कच्चे लोहे अन्य देशों को निर्यात किया जाताहै । वहीं उन्नत तकनीक से इस लोहे को पिघलाकर ढालकर विशेष स्टील बनाकर अन्य अलग-अलग कंपनी व देशों को निर्यात होती हैं, जिससे उन देशों को पूंजी प्राप्त होती है। इस स्पेशियलटी स्टील गलाई ढ़ुलाई व सप्लाई व वितरण में रोजगार के अच्छे अवसर भी देखने को मिलता है। भारत सरकार द्वारा द्वारा लिए गए पीएलआई योजना से भारत सरकार अब कच्चे इस्पात के बजाय विशेष इस्पात के निर्यात करेगी जिससे सरकारी कोष को पूंजी मिलेगी, पूंजी का बेहतर निवेश होगा ,आने वाले समय में रोजगार के पर्याप्त अवसर हमारे युवाओं को मिलेगा। इस तरह से मोदी मंत्रिमंडल ने इस पंचवर्षीय औद्योगिक नीति से भारत को उन्नत व मजबूत भारत निर्माण के लिए नींव रखी है। इस पीएलआई योजना से भारत कोनिश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।

> आज भी भारत से कच्चे लोहे अन्य देशों को निर्यात किया जाताहै । वहीं उन्नत तकनीक से इस लोहे को पिघलाकर ढालकर विशेष स्टील बनाकर अन्य अलग-अलग कंपनी व देशों को निर्यात होती हैं, जिससे उन देशों को पूंजी प्राप्त होती है। इस स्पेशियलटी स्टील गलाई ढ़ुलाई व सप्लाई व वितरण में रोजगार के अच्छे अवसर भी देखने को मिलता है। भारत सरकार द्वारा द्वारा लिए गए पीएलआई योजना से भारत सरकार अब कच्चे इस्पात के बजाय विशेष इस्पात के निर्यात करेगी जिससे सरकारी कोष को पूंजी मिलेगी, पूंजी का बेहतर निवेश होगा ,आने वाले समय में रोजगार के पर्याप्त अवसर हमारे युवाओं को मिलेगा। इस तरह से मोदी मंत्रिमंडल ने इस पंचवर्षीय औद्योगिक नीति से भारत को उन्नत व मजबूत भारत निर्माण के लिए नींव रखी है।

ज्ञान की रोशनी से अंधकार को मिटाते हैं गुरु

योगेश कुमार गोयल

पी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके।

प्राचीन काल से ही गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा करने का चलन है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 24 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात् परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम।

गुरु को गुरु इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि



के स्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात् अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही 'गुरु' कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैं:-

भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि।
दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि।

कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की ओर आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है।

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव,
बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।

शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरुआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है:-

गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण।
शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरी पोस्ट पढ़कर

मेरी पोस्ट पढ़कर उन लोगों को अक्सर गुस्सा आता जिनके दिल में कैंची होती है और वे मेरी पोस्ट पर लाइक कमेंट करना छोड़ देते है, पर न जाने कौन सा डर उन्हें मुझे अनफ्रेंड करने से रोकता है यह हमें समझ नहीं आता?? देखो भई फ्रेंड लिस्ट में रहने वाले अच्छे ही हों ये जरूरी नहीं, अब हमें ही देख लो।

- निभा चौधरी

अगर आप

अगर आप ईमानदार हैं तो किसी मीडिया संस्थान से डरने की ज़रूरत नहीं है। सीना तान कर समाज और प्रेस के सामने भी खड़े रहिए- जैसे मोदी जी खड़े हैं। अगर आप चोर हैं, तो मीडिया की तो छोड़िये, हर क्षण हर चीज़ से डरना पड़ेगा, रात में रस्सी को भी सांप समझ कर डर जायेंगे जैसे कथित 'पेगासस' से कांग्रेड डर रही है। है कि नहीं?

- पंकज कुमार झा

ख़ास पाती

तिरी याद के बस

तिरी याद के बस पिटार बचे हैं महज़ साथ लम्हे गुज़ारे बचे हैं। भरोसा न था नीव रिश्तों की तब ही गए वो बिखर कब सँभाले बचे हैं। गया हार अपनों से यूँ ज़िंदगी में कि दिल में फ़क़त आज छाले बचे हैं। कहीं टूट जाए न तस्वीर-ए-उल्फ़त जुबाँ पर यही सोच ताले बचे हैं। जहां सर झुकाता हो इज्ज़त से इंसाँ न अब ऐसे दिल औ शिवाले बचे हैं। बढ़ी तीरगी इस क़दर ज़िन्दगी में कहां ज़ीस्त में अब उजाले बचे हैं। छुओ आसमाँ तुम समन चाहतों का तनुज हाथ बादल ये काले बचे हैं। - सतीश मैथिल तनुज

ज़मानेवालों ये नसीहत मान

ज़मानेवालों ये नसीहत मान लो मेरी और इश्क न कर बैठना कभी क्योंकि इश्क तो जानलेवा है, उससे तो काफ़ी बेहतर है दोस्ती मुहब्बत का दम भरने वाला, क्या जाने खेलता हो दिलों से कितने ही और चंद हम जैसे कमनसीब, डूबते रहते हैं वफ़ाओं के दरिया में ही करने पर उसके बेवफ़ाई जी तो चाहता है फ़ना कर दें ख़ुद को ही चूंकि मुहब्बत का तो अंजाम ओ उसूल होता ही है शायद यही आखिरकार छलक ही गए न अश्क हमारे बन के स्याही दर्द? की लिखते भी तो कैसे? किताब ए दर्द में जब कुछ जगह ही न बची। - नीलोफर नीरू

तू समंदर में इक बहती

तू समंदर में इक बहती नदी , मिलने में दोनों की लगती है सदी । प्रिय मेरी पहचान खो जाती मगर इश्क में पहचान खोना ही सही । तू तो शर्माती है हर मौके पे,पर मर्दों की बुनियाद है आवारगी । मेरी तुमसे इल्तजा बस इतनी है , बेवफ़ाई करना मत मुझसे कभी । पैसों से ख़ुशिया नहीं मिलती सनम, रिश्तों में विश्वास से मिलती खुशी ।

- डॉ संजय दानी

अब न दोस्त ना महफिल

अब न दोस्त ना महफ़िल का है राब्ता हमसे, अब तो फ़क़त एक तन्हाई है बाबस्ता हमसे, मुर्शिद! बता किस किस को करेंगे खुश हम, आज अहले दुनिया हो के बैठी ख़फ़ा हमसे,, मेरी शाख़ ए गुल असीर हुई है खिज़ाओं में, और वो पूछ रहे हैं गुलशन का रास्ता हमसे, कुछ हम भी बद्-मिजाज़ से हुए आजकल, कुछ उनके भी अदा ओ अंदाज़ जुदा हमसे,, खज़ाने थे मुस्कानों के अपने भी पास कभी, वक्त ने छीना सब आहिस्ता आहिस्ता हमसे। - अनिल अनमोल शर्मा

आह तक मुख से न निकले

आह तक मुख से न निकले, दर्द का विस्तार है। और अपनी इन्द्रियों पर भी सहज अधिकार है। है न अंगीकार मुझको, दान मे मिलती विजय हो पराजय भी स्वयं की, हर्ष से स्वीकार है। - इति शिवहरे

तुम जो मेरे हुए मैं खुद

तुम जो मेरे हुए मैं,खुद को भूल गयी। तुझ में ही खुद को खोजती पल पल। तुझ में ही विलीन हो बस तेरी हो गयी। मैं का भान मुझे न जग का ध्यान मुझे। मीरा सी मैं हर पल तेरे सपने बुन बुन। सपनों के जाल में ही उलझी रह गयी। तुम जो मेरे हुए।।

- ऋतु दुबे

आग भी अब तो हमें कुछ सीली

आग भी अब तो हमें कुछ सीली सीली लग रही है ज़िन्दगी में ज़िन्दगी की कुछ कमी सी लग रही है धूप में जब रुक के देखा, अपना साया ही नहीं था झूठे रिश्तों से तो ये तन्हाई अच्छी लग रही है।

- ममता लड़ीवाल

QUIZ TIME

1) भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक की स्थापना कब की गई थी?
2) शब्द का मुख्य अवयव क्या है?
3)मानव शरीर में मस्तिष्क का वह भाग, जो संवेगात्मक क्रियाओं को नियंत्रित करता है-
4) अवांछित वाणिज्यिक ई-मेल को आमतौर पर क्या कहते हैं?
5) पॉलीग्राफमशीन या 'लाई डिटेक्टर' का आविष्कार वर्ष 1921 में किसने किया था?

उत्तरमाला- (1) 20 मार्च, 1985 (2) शब्दांश (3) प्रमस्तिष्क (4) स्पैम (5) जॉन ऑगस्टस लार्सन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1758 अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन उत्तरी अमेरिका की पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बर्जेसेज में शामिल हुए। 1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया। 1823 चिली में दास प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया। 1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ। 1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत। 1910 ओटोमन बलों ने अल्बानियन विद्रोह को शांत करने के लिए शकोदर शहर पर कब्जा कर लिया। 1915 सेंट्रल शिकागो में एक स्टीमर ईस्टलैंड की वजह से 844 लोगों की जान गयी। 1929 फ्रांसीसी प्रधानमंत्री रेमंड पोंकारे ने इस्तीफा देने के बाद अरिस्टीडे ब्रेंड को इसका उत्तराधिकारी बनाया गया। 1932 रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान की स्थापना की गई। 1941 उत्तर यूरोपीय देश लिथुनिया में यहूदी आबादी की नाजियों ने हत्या की। 1969 अपोलो 11 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा। 1982 जापान के नागासाकी में भारी बारिश के कारण पुल ढहने से 299 लोगों की मौत। 1999 अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलंबिया का सफल प्रक्षेपण हुआ। 2000 एस. विजयलक्ष्मी शतरंज की पहली महिला ग्रैंडमास्टर बनीं। 2008 फ्रांस के ट्रिकेस्टिन परमाणु संयंत्र में हुए रिसाव से लगभग 100 व्यक्ति प्रभावित हुए। 2012 मिस्र के राष्ट्रपति मोहम्मद मोर्सी ने हिशम क़ंदिल को प्रधान मंत्री नियुक्त किया और उन्हें एक नई सरकार बनाने के लिए कहा। 2013 सुपर हैड्रिमैट्री के वैज्ञानिक सिद्धांत को लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर के साथ प्रयोगों के बाद चुनौती दी गई।

बस्तर एग्रो राईस मील पर छापा, दस्तावेजों के बिना धान भरी ट्रक पकड़ाया

■ धान के 5 सौ बोरो में चावल छिपा होने की आशंका

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। सफेदपोश तस्कर धान और चावल और धान की हेराफेरी करने से दंतेवाड़ा जिले में गुरेज नही कर रहे। ताजा मामला धान से जुड़ा जिले में प्रकाश में आया है। दंतेवाड़ा के औद्योगिक क्षेत्र टेकनार में बस्तर एग्रो इंडस्ट्रीज राईस मिल पर बिना बिल के लगभग 5 सौ बोरे धान भरी एक ट्रक जप्त की गई है . जिस पर मीडिया को सूत्रों के हवाले से खबर मिली थी कि धान के बोरो के अंदर चावल छिपाकर चोरी से बाजारों से खरीदकर सीधा धान राईस मिल में पहुँचाया जा रहा है।

मौके पर मीडिया की टीम पहुँची साथ ही प्रशासन की टीम भी सूचना लगते ही पहुँच गया। वाहन पर भरे धान की खरीदी के कोई परिवहन से जुड़े कोई दस्तावेज राईस मिल में नही थे न तो मिल में कोई रजिस्टर धान को उतारने के लिए मौजूद था. जिसके बाद प्रशासन की टीम कृषि उपज मंडी गीदम के उपनिरीक्षक को भी मौके पर बुला लिया गया।

तीन घण्टे बाद हास्यपद तरीके से सुराना ट्रेडिंग का बिल व्हाट्सएप पर अधिकारियों के पहुँचा। ट्रांसपोर्टर धान होने का दावा करते डींगें हांक रहा था जांच दल के सामने इधर जांच दल की टीम ट्रक मालिक और मिल के कर्मचारियों से धान खाली करने को कहते रहे लेकिन देरशाम तक गाड़ी अनलोड नही हो पाई।

मौके पर सहायक खाद्य अधिकारी मनीष चितले नायब तहसीलदार सौरभ कश्यप के साथ पहुँचे थे जो दिनभर अवैध बिना दस्तावेजो के पहुँचे धान के कागजो की पड़ताल करने में जुटे रहे वही बाद में इस जांच टीम में मंडी उपनिरीक्षक बीएम यादव और सचिव एसपी पांडे भी पहुँच गये। जांचकर जांच प्रतिवेदन दंतेवाड़ा कलेक्टर को टीम सौंपेगी।

बता दे आपको की बोगस बिल के दम पर मिलर्स बाजारू सस्ते धान से चावल निकालकर महंगे दाम में बेचेने का खेल खेलते है। इसके लिए वे अधिकारियों की आँखों मे भी धूल झोंककर अपने काले कारनामों को अंजाम देने से भी गुरेज नही करते।

भ्रष्टाचार में लिप्त कार्यपालन अभियंता संसाधन विभाग अंततः हटाये गए

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जल संसाधन विभाग के ईई पीके आनंद का कल अचानक तबादला हो गया है। उन्हें रायपुर मुख्यालय बुलाया गया है। उनके स्थान पर आशुतोष सारस्वत को जिले का प्रभारी कार्यपालन अभियंता बनाया गया है।

कुछ लोगों को पीके आनंद के आकस्मिक तबादले पर भले ही आश्चर्य हो लेकिन राजनीति से जुड़े लोग इससे इत्तेफाक नही रखते। जिले के जल संसाधन विभाग में पिछले कुछ समय से जिस तरह कामकाज को अंजाम दिया जा रहा था उससे राजनीतिक लोगो ने अंदाजा लगा लिया था कि पीके आनंद का यहां ज्यादा दिन टिके रहना अब संभव नही है। माना जा रहा है कि पैरी परियोजना नहर लाईनिंग में लापरवाही के कारण उनका तबादला हुआ है।

पैरी परियोजना नहर सीसी लाईनिंग का काम जिला जल संसधान विभाग के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। या फिर यूं कहा जाए कि भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ है। इसी कार्य मे भ्रष्टाचार के आरोप में ईई सहित 4 अधिकारी कर्मचारी पहले भी निलंबित हो चुके है। अब इसी काम मे लापरवाही बरतने के चक्कर में वर्तमान ईई को अपनी कुर्सी से हाथ धोना माना जा रहा है।

गौरतलब है कि तकरीबन 10 साल पहले भाजपा शासनकाल में इस नहर लाईनिंग का काम शुरू हुआ था। मगर काम शुरू होते ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था। तब भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता प्रीतम सिन्हा ने इस मामले को जोर शोर से उठाया था और कई अधिकारियों को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी थी। अब एक बार फिर प्रीतम सिन्हा ने इस मामले को उठाया है। जिसके चलते ईई का तबादला होने की बात कही जा रही है।

प्रीतम सिन्हा ने बताया कि उनके पास मामले से जुड़े भ्रष्टाचार के पर्याप्त सबूत उपलब्ध है। वे जल्द ही इस मामले में कानूनी कार्यवाही करने की तैयारी कर रहे है। प्रीतम ने दावा किया है कि अभी तो अधिकारी का तबादला हुआ है जो पर्याप्त नही है बल्कि सरकार ने मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि यदि जांच सही तरीके से हुई तो इस बार फिर भी विभाग के कुछ लोगों पर निलंबन की गाज अवश्य गिर सकती है।

बतादें कि पैरी नहर लाईनिंग में भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आती रही है। काम 10 साल से अधूरा पड़ा है। काम पूरा नही होने से एक ओर जहां विभागीय बजट बढ़ रहा है वही दूसरी ओर लोगो को नहर लाईनिंग का लाभ नही मिल पा रहा है। ईई पीके आनंद का तबादला होने पर अब लोगो मे कानाफूसी शुरू हो गयी है। लोगो का कहना है कि सरकार को बड़े साहब के नाम के अनुरूप काम मे आंनद नही आया इसलिए बड़े साहब नप गए।

खरोरा। बरसात का मौसम आते ही चारों और हरियाली छा जाती है । इन दिनों फूल के चारों ओर चक्कर लगाने के बाद सुंदर तितली अंत: में अपने पंख फैला कर आराम करती हैं।

खरोरा ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने आउटरीच सर्वे कार्य की रिपोर्ट सौंपी

खरोरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में कोविड 19 कोरोना से प्रभावित परिवारों की जानकारी, आउटरीच सर्वे कार्यक्रम के तहत खरोरा ब्लॉक के लगभग 2000 परिवारो में किये गए सर्वे कार्य की रिपोर्ट आज छतीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री (संगठन) चन्द्रशेखर शुक्ला जी, पीसीसी महामंत्री व जिला रायपुर ग्रामीण के प्रभारी राजेन्द्र साहू जी तथा रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा जी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने सौपी । इस अवसर पर आउटरीच कार्यक्रम के कंट्रोल रूम प्रभारी सलाम रिजवी जी व आउटरीच कार्यक्रम के समन्वयक कमल नयन पटेल जी उपस्तिथ थे ।

डीईओ से मिले विभिन्न कर्मचारी संघों के पदाधिकारी

कवर्धा। विभिन्न कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों ने आज नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी राकेश पांडे से सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अधिकारी कर्मचारी महासंघ व तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशीए राज्य कर्मचारी संघ के वर्तमान अध्यक्ष व्यास नारायण तिवारी विद्याभूषण दुबे सरोज शर्मा मोहन सोनी सचिन साहू , सुंदर लाल वर्मा के द्वारा श्री पांडे का फूल माला से स्वागत किया गया । जिला शिक्षा अधिकारी से संघों के सभी पदाधिकारियों का परिचय श्री दुबे के द्वारा कराया गया।

आठ सुत्रीय मांगो को लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के नाम रेंजर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

कवर्धा । छत्तीसगढ फॉरेस्ट रेंजर्स एसोसिएशन ने प्रधान मुख्य वन सरंक्षक एंव वन बल प्रमुख के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं एसोसिएशन के सरंक्षक उमेश कुमार सिन्हा एंव प्रांतीकोषाध्यक्ष देवेन्द्र गोंड ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ फारेस्ट रेंजर एसोशिन के द्वारा 18 जुलाई को आमसभा आहूत की गई, जिसमें प्रत्येक वनमंडल एंव वनवृत्त के अधिकांश रेंजरों की उपस्थिति में निम्नानुसार प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें प्रायः रेंजरों के संबंध में पत्राचार अराजपत्रित शाखा से किया जा रहा है, जबकि रेंजर राजपत्रित है। अतः पत्राचार राजपत्रित शाखा से करना सुनिश्चत किया जावें। पुरे प्रदेश भर में एक प्रकार की भुगतान प्रणाली लागू किया जावें, यदि मनरेगा पद्वति हो तो पूरे प्रदेश में मनरेगा पद्वति लागू हो या कैश भुगतान हो तो पूरे प्रदेश में कैश भुगतान प्रक्रिया लागू हो। प्रायः देखा जा रहा है कि डिप्टी रेंजर को प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी का पद देकर पदस्थ किया जा रहा है, परंतु कोई भी डिप्टी रेंजर प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी का सील का प्रयोग नही कर परिक्षेत्र अधिकारी की सील लगा रहा है जोकि नियम विरूद्व है। रेंजर पद का दुरूप्रयोग हो रहा है। नये नियुक्त वनक्षेत्रपालो जोकि वर्तमान में परिक्षेत्र सहायक का प्रशिक्षण ले रहे है। सिंतबर 2021 तक प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात तत्काल डिप्टी रेंजर जो प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर है, हटाकर पूर्ण कालीन परिक्षेत्र अधिकारी को पदस्थ किया जावे। नये नियुक्त वनक्षेत्रपालो को प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी (डिप्टी रेंजर) के अधीन रखकर प्रशिक्षण न कराया जावें। पद के गरिमा के विरूद्व है।

पत्रकार को धमकाने वाले पर कार्यवाही नहीं होने से नाराज पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

गुंडरदेही । गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग में ग्राम सिकोसा में मंगलवार 1 दिन बंद के समर्थन का उल्लंघन करते हुए एक जर्दा युक्त पान मसाला गुटखा सिगरेट एवं शराब पिलाने के संबंधित सामान बेचने वाले दुकानदार ने मंगलवार को नियम का उल्लंघन कर रात्रि 8:00 से 9:00 के बीच खोल कर रखा था ,इसी बीच रात्रि गुंडरदेही नव प्रदेश के संवाददाता ने अपने गांव जा रहा था इसी बीच अचानक उनकी दुकान खुला देखकर रुका और फोटो खींचने लगा तब पड़ोस में रहने वाला परमानंद देवांगन ने नव प्रदेश के संवाददाता को पकड़ 20 मिनट से आधा घंटा तक बंधक बना लिया था , व कैमरा में खींचा हुआ फोटो को डिलीट कर लिया और संवाददाता का मोबाइल को छीना उसके बाद 20 मिनट तक उसे वहीं बैठा दिया गया । तब संवाददाता ने गुंडरदेही थाना प्रभारी रोहित मलेकर को इसकी सूचना दी सूचना देने के बाद थाना प्रभारी ने परमानंद देवांगन से बात कर आया तब बड़ी मुश्किल से 20 मिनट बाद थाना प्रभारी के कहने के बाद संवाददाता को छोड़ा ,आखिर में गुंडरदेही पुलिस पत्रकारों पर हो रहे हमले पर हाथ धरे बैठे हुए हैं इसकी शिकायत आज गुंडरदेही पत्रकार रोमेने सोनवानी ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया और उचित कार्यवाही की मांग किया उक्त घटना की जानकारी तत्काल थाना प्रभारी के अलावा संघ के अध्यक्ष साहू एवं नव प्रदेश अखबार के जिला प्रमुख सुप्रीत शर्मा एवं संघ के अन्य सदस्यों को दिया गया वहीं संघ के प्रमुख को देने के बाद इस पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी रोहित कुमार मालेकर से संघ के अध्यक्ष से बात हुआ तब उन्होंने कहा मैं बात कर लिया हूं पूर्व में उनकी दुकान पर चोरी हो गया था इसलिए दुकान को देखने आया था ।

भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा प्रदेश के सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना

कवर्धा। प्रदेश में सुचारू रूप से खाद,बिजली एवं किसानों को एक मुश्त धान बोनस की राशि एवं गन्ने की राशि प्रदान करने के संबंध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय के निर्देश पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल के आव्हान पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की मार्ग दर्शन में जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर के नेतृत्व में जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भारत माता चैक में सम्पन्न किया गया। जिले के किसानो को सुचारू रूप से खाद की आपूर्ति नही होने के कारण एवं समय पर पर्याप्त बिजली नही मिलने के कारण और धान की खेती मे आ रही परेशानी को देखते हुए । चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादे प्रति क्विंटल धान 2500 रू. खरीदी करने का जिसकी शेष राशि को एक मुश्त भुगतान प्रदान करने एवं गन्ना खरीदी 355 रू. प्रतिक्विंटल की दर से खरीदी किया जाने के वादे को लेकर जिला भाजपा किसान मोर्चा द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा संगठन प्रभारी एवं पूर्व सांसद बिलासपुर लखन साहू ने राज्य सरकार को घेरते हुए किसान विरोधी नीति को अपनाने का आरोप लगाया उन्होने कहा कि आज किसान खाद, बिजली की आपूर्ति न होने के कारण परेशान है। किन्तु राज्य के कांग्रेस सरकार खाद के विषय को ले करके ,धान के बोनस को ले करके और अन्य विषयों को लेकर केन्द्र पर आरोप लगाने से बाज नही आ रही । आज शहर से लेकर ग्रामीण तक बिजली की समस्या है आज राज्य सरकार खाद एवं बिजली की समस्या को देखते हुए किसान हित में निर्णय लेने के लिए असमर्थ है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने दूर संचार के माध्यम से दिल्ली से किसानों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस सरकार को पूरी तरह विफल बताया एवं किसानों की खाद आपूर्ति व बिजली की संकट को संबंधित अधिकारी से बात कर समस्या का निराकरण करने हेतू सरकार को दबाव डालते हुए किये गये अनेक चुनाव वादे, युवा बेरोजगारी भत्ता महिला स्व सहायता समुह की महिलाओं की कर्जा मांफ एवं अनेक मुद्दे को घेरते हुए अपने संबोधन में किसानो का हमदर्द बनकर इस अवसर पर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बैठक जिला कार्यसमिति की बैठक हुई सम्पन्न

भाजपा महिला मोर्चा राज्य सरकार के खिलाफ करेगी हल्ला बोल कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को साहू समाज भवन में सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत ने कहा कि अभी से महिला मोर्चा की कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और बूथ स्तर पर महिलाओं को जोड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाना पड़ेगा। मुद्दे अनेक हैं, शराबबंदी की घोषणा की गई थी, लेकिन शराबबंदी नही हो पाई है। छत्तीसगढ़ में अत्याचार और दुष्कर्म के मामले में वृद्धि हुई है, जिसे रोकने में कांग्रेस की सरकार विफल है। प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित हैं। महिला मोर्चा राज्य सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम करेगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती अंजू नायक ने की। इस दौरान एथलीट में तलवारबाजी खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने वाली छात्रा वैदिका खुशी रावना को सम्मानित किया गया।

श्रीमति राजपूत ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन अब महिलाओं को संगठित करने के लिए खादी को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं मोर्चा द्वारा रक्षाबंधन, हरियाली, तीज और सावन उत्सव मनाया जाएगा।

महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार महिलाओं को अपमानित करने में लगी हुई है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकार के खिलाफ महिलाओं को आगे आना होगा। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाएं अब कांग्रेस सरकार के विरोध में सड़क पर उतरेगी।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की सक्रियता इसी तरह से बनी रहनी चाहिए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी संगठन को मजबूत बनाने का अभियान महिला मोर्चा चलाए। भाजपा की सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में महिलाओं के हित में अनेक योजनाएं लागू की थी, जिसे कांग्रेस की सरकार ने बंद कर दिया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने संगठन को मजबूत करने का आव्हान करते हुए कहा कि महिला मोर्चा को गांव-गांव में सक्रियता से कार्य करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धि और राज्य सरकार की विफलता गिनाने के लिए आमजनता के बीच पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है।

जिला महिला मोर्चा संगठन प्रभारी श्रीमती आशा दुबे ने संगठन के कार्यक्रमों की समीक्षा की। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शाह ने कहा कि महिला हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। भाजपा में ही महिलाओं का सम्मान है। आव्हान किया कि राज्य सरकार के खिलाफ महिला मोर्चा विरोध में उतरे। जिला अध्यक्ष श्रीमती नायक ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं संगठित होकर कार्य करेंगी। वहीं बूथ स्तर तक भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता तैयार किए जाएंगे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्वेता शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रभारी संदीप शर्मा, रामकुमार साहू, भाजपा जिला महांमत्री अनिल चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राहुल सेन, देवसिर सिन्हा, मोर्चा जिला महामंत्री बिंदु सिन्हा, शीतला पांडेय, मिलेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, मंडल अध्यक्ष खि़रमनी हरपाल, महामंत्री सीमा जांगड़े, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालिमा ठाकुर, तोकेश्वरी मांझी, नेहा सिंघल, तनु साहू, संतोषी श्रीवास्तव, गुलेश्वरी ठाकुर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष डॉ. योगीराज कश्यप, सोमप्रकाश साहू, कमल सिन्हा, लालाराम साहू, गुरुनारायण तिवारी, मंजुलता गुप्ता, अनिता यादव, श्रुति धुरवा, चित्ररेखा ध्रुव, तारिणी ध्रुव, पदमा यदु, सुनीता झारिया, सरला उइके, प्राची कुटारे, शांति कोसरे, कुमारी पटेल, अहिल्या मांझी, हेमलता ध्रुव सहित इत्यादि उपस्थित थे।

एल्डरमेन शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए विधायक आशीष छाबड़ा

बेमेतरा। टाउन हाल में नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा आयोजित नव नियुक्त एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुयें। सर्वप्रथम नव नियुक्त एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) श्रीमती जनता साहू, रावेन्द्र देवागन, प्रशांत तिवारी, शंकर चौहान, चंदू शितलानी को बेमेतरा एसडीएम दुर्गेश वर्मा के द्वारा पद एवं गोपनीता की शपथ दिलाई गई। विधायक आशीष छाबड़ा ने नव नियुक्ति सभी एल्डमैन को गुलदस्ता भेट बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना मोर जमीन मोर मकान के अंतर्गत 50 हितग्रहियों को अनुज्ञा प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस असवर पर बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, श्रीमती शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, टी.आर जनार्दन, जावेद खान, ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा सहीत बड़ी संख्या में कांग्रेसीगण उपस्थित रहें।

राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए कमल मानिकपुरी का चयन

साजा। शास.कन्या उ.मा. विद्यालय साजा के प्रभारी प्राचार्य कमल मानिकपुरी का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार 2020 के लिए किया गया है। उनके नाम की घोषणा स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा गत दिवस राज्यपाल अनुसुइया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। उनके चयन को साजा का गौरव निरूपित करते हुए शाला प्रबंधन समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकगण, शिक्षक समुदाय एवं छात्राओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। विनम्र एवं लोकप्रिय श्री मानिकपुरी अपनी अनुशासनप्रियता, प्रशासनिक दक्षता व नियम-कायदो के अच्छे जानकार माने जाते हैं। उनके पास विखं के साक्षरता संयोजक, बीआरसीसी और विकास खंड शिक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का सुदीर्घ अनुभव है। उन्हें आगामी राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल के कर कमलों से सम्मानित किया जायेगा।

नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा थान-खम्हरिया के विकास प्रारूप का प्रकाशन

बेमेतरा। थानखम्हरिया विकास योजना 2031 (प्रारूप) का प्रकाशन छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 18 (1) के तहत नगर पंचायत थानखम्हरिया के मिटिंग हॉल में छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश द्वारा छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17-क (1) के तहत् गठित समिति के सदस्य व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कल दोपहर 1 बजे बैठक आयोजित किया गया। संयोजक सूर्यभान सिंह ठाकुर उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा थानखम्हरिया निवेश क्षेत्र में शामिल ग्रामों क्रमशः टिपनी, कोपेडबरी, गातापार, उमराव नगर, कुरदा, गुवारा, करमू, दर्री एवं थानखम्हरिया नगर पंचायत क्षेत्र एवं प्रकाशित विकास योजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

कलेक्टर ने किया स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण

■ कलेक्टर बने टीचर, बच्चों से गणित के पूछे सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर आज छुरा विकासखण्ड के दौरे पर स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल भी मौजूद थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा की शिक्षिका श्रीमती रेणु देवांगन के गणित विषय अध्यापन के दौरान वे बच्चों के सीखने की क्षमताओं का आंकलन करते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने उनकी पढ़ाने की तकनीक का अवलोकन किया। कलेक्टर ने भी ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल बच्चों को दिए। इस दौरान कक्षा दसवीं के छात्राओं को घातांक के सवाल को समझाया जा रहा था। कलेक्टर ने भी इसी पाठ से संबंधित प्रश्न पूछे और बच्चों को सवाल हल करने के लिए पर्याप्त समय दिए। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय भवन का निरीक्षण किया इसी परिसर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने परिसर का अवलोकन करते हुए साफ सफाई और भवन को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को कहा कि एक सप्ताह के भीतर पूरी तैयारी की जाए और अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किया जाए।

फिंगेश्वर में स्वामी आत्मानंद स्कूल निर्माण का भी किया अवलोकन

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने फिंगेश्वर विकासखंड में भी स्वामी आत्मानंद स्कूल मीडियम स्कूल निर्माण की तैयारियों का जायजा लिया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में तैयार हो रहे स्वामी आत्मानंद स्कूल इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परिसर में बाउंड्री वाल को प्राथमिकता से तैयार करने के निर्देश संबंधित एजेंसी को दिए। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं का अवलोकन करते हुए लैब निर्माण और कमरों के लिए समुचित व्यवस्था करने कहा। श्री क्षीरसागर ने बच्चों के दर्ज संख्या के अनुरूप दो पालियों में शाला लगाने के निर्देश दिए हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि मैदान समतलीकरण की आवश्यकता है साथ ही अतिरिक्त कमरों की भी आवश्यकता है। कलेक्टर ने उक्त सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने और अति शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए है।

स्कॉर्पियो और कार की टक्कर एक लड़की की मौके पर मौत

■ एक अन्य व्यक्ति हुआ हादसे में घायल

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। पाण्डुका थाना अंतर्गत रजनकट्टा के करीब स्कॉर्पियो और कार की भिड़ंत हुई है। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो कार से टकराने के बाद रोड में पलट गया। हादसे में स्कॉर्पियो सवार एक लड़की की मौत हो गयी। जबकि एक व्यक्ति घायल बताया जा रहा है।

स्कॉर्पियो सवार परिवार माँ जतमई के दर्शन कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पांडुका की ओर से आ रही कार से उनकी भिड़ंत हो गयी बहरहाल पांडुका पुलिस मौके पर पहुँच चुकी है। और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। हादसे का शिकार हुए लोग कहां के है। फ़िलहाल इसकी जानकारी नही मिल पाई है।

मैनपुर ब्लॉक के गोलामाल पँचायत में रहने वाले प्रेमामन्द यादव के परिवार के 6 सदस्य स्कॉर्पियो में सवार होकर जतमई वाटर फाल पिकनिक मनाने गए थे।लौटते वक्त रजनकटा मोड़ पर यह हादसा हुआ है।मृतिका का नाम डिप्पी 13 वर्ष है,परिवार का एक सदस्य घायल भी हुआ है।मौके पर पांडुका पुलिस पहूच जरुरी कार्यवाही कर रही है।

कौदकेरा में अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन

■ बच्चों में तकनीकी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा - कलेक्टर

गरियाबंद। कलेक्टर श्री निलेश क्षीरसागर ने आज फिंगेश्वर विकासखंड के दौरे के दौरान ग्राम कौंदकेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी जी डी वाहिले, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के डहरिया, जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर, डीएमसी श्याम चंद्राकर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मुन्ना लाल देवदास एवं प्रयोगशाला लैब के प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी शर्मा भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने इस अवसर पर लैब का निरीक्षण करते हुए शाला द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और संसाधनों से युक्त लैब से यहां के बच्चे वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण विकसित करेंगे। इससे बच्चे वैज्ञानिक व गणितीय मॉडल और सिद्धांतों को आसानी से समझ पाएंगे। उन्होंने खुशी जाहिर की गांव के विद्यालय में भी इस तरह उच्च गुणवत्तायुक्त प्रयोगशाला स्थापित किए गए हैं।

30 कि.मी. लंबी मोहगांव फीडर को दो फीडरों में किया विभक्त

■ लगभग 80 गांवों के उपभोक्ता एवं किसान होंगे लाभान्वित

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत साजा 132 के.व्ही. पॉवर उपकेंद्र से निकलने वाली लंबी दूरी एवं अत्याधिक लोड वाले मोहगांव फीडर को बांटकर दो अलग-अलग फीडर बनाया गया है। जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुगम व सहज हो सकेगी। कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने बताया कि मोहगांव फीडर लगभग 30 कि.मी. लंबी एवं लोड ज्यादा होने के कारण इसके अंतर्गत आने वाले लगभग 70 ग्रामों में लो वोल्टेज की समस्या आ रही थी। लंबी दूरी की लाइन होने के कारण फाल्ट आने पर खोजने एवं सुधार करने में अत्याधिक समय लगता था। इसके स्थायी निदान के लिए फीडर को दो भागों में विभक्त कर मोहगांव एवं देवरबीजा फीडर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 33 के.व्ही. मोहगांव फीडर से ग्राम मोहगांव, मौहाभाठा, अकलवारा, अतरझोला, देउरगांव, कांचरी, सिंघनपुरी, बुधनारा, भोजेपारा, हडुआ, कोहकाबोड़, बरगांव, सोनपान्डर, कमकावाड़ा एवं बुड़ेरा ग्रामों को निरंतर विद्युत आपूर्ति बिना अवरोध के प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार दूसरे 33 के.व्ही. देवरबीजा फीडर से 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र देवरबीजा एवं खैरझीटी उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों में वोल्टेज की समस्या का समाधान कर लिया गया है। उक्त कार्य के संपन्न होने से सभी ग्रामों में विद्युत आपूर्ति सुगमता से बिना अवरोध के प्रदान की जा रही है। बिजली व्यवस्था बेहतर हो जाने से ग्रामीणजन हर्षित हैं। उक्त कार्य के लिए अधीक्षण अभियंता वृत्त दुर्ग एके गौराहा, अधीक्षण अभियंता (ट्रांसमिशन) भिलाई सुनील भूआर्या, कार्यपालन अभियंता साजा डीके रात्रे, कार्यपालन अभियंता (ट्रांसमिशन) सुनील चैहान एवं उनकी टीम को बधाई प्रेषित की गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सेना के लिए दौड़ की...

जाम में फंसे एक बस का कंडक्टर भी हादसे का शिकार हो गया है। ड्राइवर को जाम से निकालने के लिए साइड बताते वक्त बस चालक ने अपने ही कंडक्टर को कुचल दिया। ड्राइवर बस को पीछे ले रहा था, जब ये हादसा हुआ। बस के ठीक पीछे ही कंडक्टर खड़ा था मौके पर उसकी भी मौत हो गई। ग्रामीणों की मांग है कि अज्ञात ट्रक चालक की गिरफ्तारी और ट्रक मालिक की ओर से मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि दी जाए। चक्काजाम को किसी तरह हटाने का प्रयास पुलिस प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। लेकिन आक्रोशित ग्रामीण मार्ग से हटने को तैयार नहीं है। जब तक की अज्ञात ट्रक का मालिक मौके पर आ ना जाए।

कलेक्टर एसपी के आश्वासन के बाद चक्काजाम हुआ समाप्त: ग्राम बारदेवरी के चार युवको की दर्दनाक मौत और चक्काजाम प्रदर्शन की खबर पाते ही कोंदागॉव सरपँच पंचुनायक जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत धुर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला विद्यायक प्रतिनिधि हरनेकसिंह औजला कलेक्टर चंदन कुमार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने मौके पर पहुचकर उग्रेषित भीड़ से बात कर चक्काजाम समाप्त करने की बात शुरु किया गया। लेकिन उग्र भीड़ ने कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों से मृतकों के परिजनों को सरकारी नॉकरी सड़क पर वाहन के आने जाने वालों की जाँच मृतकों को मुवावजा राशि के अलावा घटना में शामिल ट्रक व ड्राइवर को खोजकर ग्रामीणों को सुपुर्द किए जाने की मांग करने लगे।किसी तरह जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अफसरों के द्वारा ग्रामीणों की कुछ मांगों पर सहमति बनने व समझाइश के बाद ग्रामीणों ने शव उठाकर रास्तों को खोल प्रदर्शन समाप्त किया गया।

राजद्रोह मामले में ...

खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद सिंह के सरकारी आवास समेत लगभग 10 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई शुरू की गई। 68 घंटे चले मैराथन छापेमार कार्रवाई में एसीबी को जीपी सिंह के खिलाफ 10 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्ति के दस्तावेज मिले थे। वहीं बाद में उनके ऊपर राजद्रोह का मामला भी दर्ज कर दिया गया। राजद्रोह का मामला दर्ज होने के बाद से ही जीपी सिंह ने हाईकोर्ट की शरण ली है। रिट याचिका दायर करते हुए पूरे मामले में स्वतंत्र एजेंसी सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की थी। कोर्ट ने अब उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

शिल्पा के घर...

मिलने के बाद इसके नियमों का पालन व्यक्ति को करना पड़ता है। अगर व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे अपने आरोपों के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, लेकिन उसे रिकॉर्डिंग के लिए ले जाया जा सकता है।

शिक्षा विभाग के संयुक्त ...

रुपए रिश्वत की मांग की थी। बेटे ने एसीबी से शिकायत की, जिसके बाद छापेमार कार्रवाई कर 15 हजार नगद रिश्वत लेते पकड़ा गया।

सहकारिता आंदोलन से ...

बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय सहकारी बैंक का काम सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए बड़ी जिम्मेदारी नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नायक को मिली है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107101000151
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- विक्रम सिंह
अनावेदक पक्षकार-

आवेदक श्री विक्रम सिंह पिता सलविंदर निवासी शांति नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 5761 रकबा 0.02 हे. है जो आवेदक के दादा जी स्व. जागीर सिंह पिता स्व. अमर सिंह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी जागीर सिंह पिता स्व. अमर सिंह की मृत्यु दिनांक 24.11.2008 को एवं आवेदक के पिता सलविंदर सिंह की मृत्यु दिनांक 27.06.2020 को फौत हो जाने के कारण फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-01, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता देवांगन पति हिरेन्द्र कुमार देवांगन निवासी म.न. 823 वार्ड 11 पानी टंकी के सामने शंकर नगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 200/82 रकबा 0.0090 हे. 980 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार दुकलहा राम देवांगन पिता स्व. भाऊराम देवांगन से दिनांक 08.07.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दुर्गाप्रसाद साहू पिता गनपतराम साहू निवासी पाटनकर कालोनी शीतल आश्रम के पास वार्ड 27 दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 357/43 रकबा 0.0080 हे. 900 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार लीलाधर साहू पिता नरसिंह साहू से दिनांक 06.07.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती टिकेश्वरी देवांगन पति गजानंद देवांगन निवासी म.न. 301/1 वार्ड 10 शंकरनगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 357/34 रकबा 0.007 हे. 720 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार अरुण कुमार पिता गुलाबचंद साहू से दिनांक 06.07.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरोज यादव पति माथुर यादव निवासी वार्ड 58 ओमनगर उरला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 839/27 रकबा 0.0050 हे. 600 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार अजय गिरी पिता स्व. हरी गिरी से दिनांक 22.06.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कलिता बाई सोनेकर पिता स्व. गणपत सोनेकर निवासी म.न. 557 मोहन नगर वार्ड 12 आमापारा दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 332/1 का टु. रकबा 2040 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार पवन कुमार पिता राजकुमार साहू से दिनांक 25.06.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

दूरभाष नं.-07856-252224, 252862 (फैक्स) spdantewada@gmail.com
क्रमांक : पु.अ./दन्ते./एसी/एम/(2021-22)/NIT-7/2021 दन्तेवाड़ा, दिनांक 20.07.2021

(संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर छ.ग. द्वारा जारी शेड्यूल ऑफ रेट (एस.ओ.आर.) दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दरों के आधार पर लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के ''ई'' रजिस्टर्ड सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1- निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 30.07.2021
2- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 03.08.2021 के शाम 05.00 बजे तक
3- निविदा खोले जाने की तिथि :- 04.08.2021 के प्रातः 11.00 बजे
4- निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रु. 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस-0055, 800-अन्य प्राप्तियां)
5- कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
6- सक्षम ठेकेदारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''डी'' श्रेणी अथवा उससे अधिक

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि
01	सुरक्षा कैम्प बोदेली में ट्यूबलर स्ट्रक्चर्स बैरक निर्माण कार्य क्रमांक 01 से 04 तक	9.00 लाख (प्रत्येक कार्य हेतु)	6800/ (प्रत्येक कार्य हेतु)
02	सुरक्षा कैम्प बोदेली में टायलेट/बाथरूम ब्लाक मय ओपन वाटर टैंक निर्माण कार्य 01 सेट	9.45 लाख	7100/-

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में प्राप्त निविदा को उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के सक्षम खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। निविदा से संबंधित शर्तें एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है।

जी-62236/3
पुलिस अधीक्षक
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभआग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

Email ID-ee.dhamtari@nic.in Fax No. 07722-235519
क्रमांक 3364/NIT-12/2021-2022/व.ले.लि. दिनांक 19/07/2021

//निविदा आमंत्रण सूचना //
द्वितीय आमंत्रण

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए ''ई'' श्रेणी पंजीयन ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ए.ई. में प्रतिशत दर पर ब्लाक स्तर पर मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत निम्नलिखित पहुंच मार्गों का निर्माण कार्य निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 04/08/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 11/08/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 12/08/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
12 T0084	हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन सोरम पहुंच मार्ग लं. 150 मीटर कार्य द्वितीय आमंत्रण	10.07 7600.00 0.00
12 T0085	हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन देमार पहुंच मार्ग लं. 150 मीटर एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन गोपालपुरी पहुंच मार्ग कार्य लं. 100 मीटर कार्य द्वितीय आमंत्रण	17.27 13000.00 0.00
12 T0086	उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन डाही में पहुंच मार्ग लं. 50 मीटर, नवीन पंचायत भवन अगारा पहुंच मार्ग लं. 100 मीटर का उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन डोमा पहुंच मार्ग लं. 100 मीटर कार्य द्वितीय आमंत्रण	15.55 11700.00 0.00
12 T0087	हाई स्कूल भवन तरसींवा पहुंच मार्ग लं. 227 मीटर कार्य द्वितीय आमंत्रण	14.37 10800.00 0.00

1. सभी एनआईटी ई श्रेणी के लिए है
2. सभी एनआईटी धमतरी (ग्रामीण) ब्लाक के लिए है
3. सभी एनआईटी की समयावधि 2 month Rekondate है
4. निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-62255/3
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

मुक्तिधाम में कांग्रेसजनों ने लगाया पीपल का पेड़

भाटापारा/नवप्रदेश। वीर क्रान्तिकारी चन्द्र शेखर आजाद एवं प्रखर राष्ट्रवादी, स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर कांग्रेस जनो ने वृक्षारोपण किया। पिछड़ा वर्ग प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष इन्द्र साव के नेतृत्व मे हथनीपारा मुक्तिधाम मे आदम कद पीपल का वृक्ष पाँच लोगो ने मिलकर अनूठा वृक्षारोपण किया। सिर्फ इतना ही नही उक्त वृक्ष के विकास का संकल्प भी लिया। पाँच वर्ष तक देखरेख के लिए एक चौकीदार को पाँच सौ रूपये हर माह परितोषिक देने का निर्णय भी लिया है। इस अवसर पर इन्द्र साव ने कहा कि यदि वृक्षारोपण को सफल बनाना है तो पाँच लोगो का समूह मात्र एक वृक्ष लगाये। एक व्यक्ति अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आँकडा पूरी कर अपने को धन्य जरुर समझ लेता है, लेकिन देखरेख के अभाव मे अगले वर्ष तक एक भी वृक्ष कहीँ नजर नही आता। इसलिये वृहद वृक्षारोपण के स्वरुप मे आंशिक बदलाव होना अतिआवश्यक है। वृक्षारोपण के उक्त अभियान मे मुख्य रुप से जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक ध्रुव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विमल दास मानिकपुरी, पार्षद प्रतिनिधि गेंदू साहू, जिला इंटक युवा नेता सत्यजीत शेन्डे आदि शामिल है।

26 जुलाई को मण्डी के सामने भाजपा का धरना प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस की भूपेश सरकार के द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे विश्वासघात को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 26 जुलाई को प्रदेश स्तरीय होने वाले आंदोलन के तहत भाटापारा में भी विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में कृषि मंडी के सामने दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा । इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यालय में चारों मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई थी जिसे संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि 15 साल से सत्ता के लिए तड़प रही कांग्रेश किसानों को झूठे सब्जबाग दिखाकर सत्ता तो प्राप्त कर ली लेकिन सत्ता पाते ही इन्होंने अपना असली रूप दिखाना शुरू कर दिया है आज इस भूपेश सरकार में अगर सबसे ज्यादा कोई ठगा गया है तो वह तो छत्तीसगढ़ का किसान ही है पहले तो इस सरकार ने 25 सौ रूपये प्रति कुंटल धान खरीदने की बात कह कर किसानों को किस्तों में पैसे देकर रुला दिया और अब जब खरीफ फसल के लिए किसानों को खाद की सख्त आवश्यकता है तो इस सरकार के राज में किसान यूरिया खाद के लिए भटक रहे हैं।

सेवानिवृत्ति पर उषा शुक्ल को दी बिदाई

भाटापारा/नवप्रदेश। सुश्री उषा शुक्ला (प्रधान पाठक प्राथ.शाला खपराडीह) का सेवानिवृत्ति के पश्चात विदाई का कार्यक्रम गुरुवार को संकुल केंद्र लाल बहादुर शास्त्री में रखा गया था। जिसमें संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। वीरेंद्र मानसरोवर (वास्तु सलाहकार) के शानदार मंच संचालन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बारी बारी से शुक्ला मैडम के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया और उनके साथ बिताए पलों को याद किया।शुक्ला मैडम के साथ बिताए समय को याद करके बहुत से शिक्षक शिक्षिकाएं भावुक हो गए। शुक्ला मैडम के प्रति सभी का अपनापन देखने लायक था शुक्ला मैडम के सरल और सहज व्यक्तित्व के कारण सभी लोग उनसे जुड़े हुए हैं। बहुत ही प्रसन्नता भरे माहौल में आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर समन्वयक टिकेश्वर वर्मा, बंशीलाल चौहान, वीरेंद्र मानसरोवर, विनोद साहू, कोदूराम देवांगन, यशवंत राजपूत, हेमंत वर्मा, भोलाराम ध्रुव, रामेश्वर मनहरे, श्रीमती प्रतिमा अवस्थी, श्रीमती प्रमिला ध्रुव,श्रीमती जानकी फूटान, श्रीमती इन्द्राणी कामडे,संदीप परगनिहा आदि उपस्थित थे।

आजाद, महंत एवं तिलक का मनाया जयंती

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय कवर्धा में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक चंद्रशेखर आजाद एवं बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने सभी महान विभूतियों के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए माल्यार्पण कर तिलक लगाकर नमन श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर दिव्य आत्माओं के देश के प्रति उपकार एवं बलिदान को याद करते हुए उनके परोपकार हेतु कृतज्ञता व्यक्त की।



सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम रेहुटाकला मे आरोपी अपने दुकान के सामने आम जगह पर आरोपी परमेश्वर सिंघरौल पिता डोगरा सिंगरौल उम्र 35वर्ष निवासी रेहुँटा कला के द्वारा अंको पर रुपए पैसों का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिखकर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहा है की की सूचना पर रेड कार्यवाही किया। मौके पर आरोपी सट्टा पट्टी लिखते पकड़े जिनके कब्जे से कुल नगदी रकम 520 रुपये, 01 नग सट्टा पट्टी, डॉट पेन सहित 5,000 का सट्टा पट्टी सहित जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कोरोना संक्रमण के खतरे से अब 7 लाख लोग सुरक्षित

- बचे हुए लोगों को प्रेरित करने के लिए मनाया टीकावार
- कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने की अपील

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में 7 लाख से अधिक लोगों का कोरोना टीकाकरण पूर्ण होने के उत्साह के बीच लक्ष्य पूरा करने के लिए गुरुवार को टीकावार का नाम देकर एक और प्रेरक पहल की गई। टीकावार के अवसर पर उन लोगों को प्रोत्साहित किया गया, जिन्होंने अभी तक कोरोना टीका नहीं लगवाया है।

वहीं इस बात पर जोर दिया गया कि, कोविड-19 का खतरा अभी टला नहीं है। थोड़ी-सी भी लापरवाही से कोरोना संक्रमण बढ़ सकता है, इसीलिए सभी को कोविड अनुरूप व्यवहारों का पालन अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस बात को ध्यान रखते हुए लोगों को कोरोना टीका लगवाने हेतु प्रेरित करने के साथ ही नगरीय निकाय क्षेत्र में मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया जिले में 6.39 लाख को पहला तथा 1.29 लाख को दूसरा डोज सहित 7.69 लाख लोगों का कोरोना टीकाकरण पूर्ण होने पर गुरुवार को टीकावार के रूप में मनाया गया।

जिले में कुल 11.87 लाख लोगों को टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर टीकाकरण का कार्य गंभीरता के साथ बेहतर ढंग से किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया, अब तक 7 लाख से ज्यादा लोगों का टीकाकरण पूर्ण होने का श्रेय कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग तथा राजस्व विभाग को दिया है, जिसके लिए हम सभी विभागीय अधिकारी कलेक्टर के आभारी हैं।

कलेक्टर श्री सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन और जीवटता के फलस्वरूप ही यह सफलता हासिल हुई है। अब कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका को भी गंभीरतापूर्वक लेते हुए इस पर नियंत्रण संबंधी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। उन्होंने बताया, टीकाकरण के बाद हर्ड इम्यूनिटी बढ़ती है और लोग कोरोना से सुरक्षित हो सकते हैं। वहीं थोड़ी-सी असावधानी से कोरोना फैल भी सकता है, इसलिए सभी को कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करना चाहिए। डॉ. चौधरी ने सभी नागरिकों से अपील की है, कोरोना की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए आवश्यक सावधानी जरूर बरतें। मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें तथा साबुन से बार-बार हाथ धोएं और टीकाकरण जरूर कराएं। इन उपायों को अपनाकर कोरोना से बचाव कर सकते हैं।

स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर

सीएमएचओ डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया- कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका तथा इस पर नियंत्रण हेतु एहतियाती तैयारियों के संबंध में भी कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कोरोना संक्रमण पर रोकथाम करने के प्रयासों की कड़ी में कलेक्टर के निर्देश पर मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफचालानी कार्रवाई की जा रही है। वहीं जिले में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए भी कलेक्टर ने सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है। मानपुर, डोंगरगांव और सोमनी विकासखंड में लगाए जा रहे ऑक्सीजन प्लांट की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के लिए कहा है।

आदिवासी महिला से पैसा उगाही का मामला उजागर, आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज

बालोद/नवप्रदेश। व्हाट्सएप का दुरुपयोग कर एक आदिवासी महिला के विरुद्ध पैसा उगाही और ब्लैकमेलिंग के उद्देश्य से झूठा एवं अपमानजनक दुष्प्रचार करने वाले मोहन निषाद के खिलाफ कार्यवाही करने की लिखित शिकायत खिलेश्वरी भुआर्य महिला ने 21 मई को अजाक थाना में किया है। लेकिन शिकायत के 2 माह बाद भी उक्त व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गई है। महिला न्याय के लिए पुलिस के आला अधिकारियों से गुहार लगा चुकी हैं। लेकिन अब तक महिला को न्याय नही मिला है। उक्त मामले को लेकर महिला ने सर्व आदिवासी समाज को लिखित जानकारी दी है।

पत्रकार और आरटीआई कार्यकर्ता बताकर करता है पैसे की मांग?

शिकायतकर्ता डौंडीलोहारा ब्लाक के ग्राम पंचायत कसही की सचिव खिलेश्वरी भुआर्य ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मोहन निषाद पिता स्वर्गीय मंत्री निषाद पता वार्ड नंबर 03 काली मंदिर के पास पुराना बस स्टैण्ड डौण्डीलोहारा के द्वारा स्वयं को बड़ा पत्रकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता बताते हुए लगातार पैसे की मांग की जा रही थी। पैसा नही देने पर पर मोहन निषाद द्वारा मेरे चरित्र पर लांछन लगाने व मुझे भ्रष्टाचारी बताकर झूठी खबर का प्रकाशन कर बदनाम करने की धमकी दिया गया।

मनगढ़त और झूठी बाते की गई प्रचारित?

मेरे द्वारा मोहन निषाद के अवैध मांग को नजर अंदाज किया गया तो मोहन निषाद द्वारा अपने मोबाइल नंबर 7247404772 से व्हाट्एप्प के माध्यम से सोशल मीडिया मीडिया पर मेरे खिलाफ15 फरवरी 2021 को एक पोस्ट किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कसही के रोकड बही, वार्षिक गोशवारा 2015-16 की फोटो पोस्ट की गई थी एंव उसके संबंध में नीचे लिखा गया की ग्राम पंचायत कसही सचिव की मनमानी व भ्रष्टाचारी की जड़ है। सामाजिक व आरटीआई सक्रिय कार्यकर्ता गजेन्द्र साहू व यशवंत डहेलिया द्वारा सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मिली कि ग्राम पंचायत कसही में शासन की राशि का जमकर बंदरबाट हुआ है। किस तरह सरपंच सचिव द्वारा शासन के नियमों का धज्जी उड़ाई गई। खिलेश्वरी भुआर्य ने कहा कि उपरोक्त टिप्पणी पुरी तरह से मनगढ़त और झूठी है क्योंकि मेरे द्वारा अपने कर्तव्यों को हमेशा ईमानदारी से पूरा किया गया है। मोहन निषाद द्वारा सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए फोटो जिस वार्षिक गोशवारा की है उसमें किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या अनियमितता नहीं है। लेकिन मोहन निषाद द्वारा मेरे खिलाफबेबुनियाद दुष्प्रचार किया गया है।

प्रभारी मंत्री से करेंगी न्याय की गुहार?

खिलेश्वरी भुआर्य ने मोहन निषाद के खिलाफ की गई शिकायत पर कार्यवाही करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। उनका कहना है कि जिले के प्रभारी मंत्री कल बालोद आ रहे है। उनके आने तक अगर मेरी शिकायत पर कोई कार्रवाही नही की गई तो वो प्रभारी मंत्री से न्याय की गुहार करेंगी।

शराब व सटोरियों के विरूद्ध पुलिस चौकी मोहारा की लगातार कार्यवाही जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा, पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ जय प्रकाश बढई एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ चंद्रेश सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ अलेक्जेंडर किरो के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे शराब, जुआ व सट्टा की धरपकड़ मुहिम में उप निरीक्षक दिनेश यादव चौकी प्रभारी मोहारा एवं चौकी स्टाफद्वारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब बिक्री व जुआ, सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु हर संभव प्रयास करते हुए पुलिस चौकी मोहारा के द्वारा ग्राम मोहारा व शिवपुरी के शराब कोचिया व सटोरियों के विरूद्ध रेड कार्यवाही कर आबकारी एक्ट व सटटा एक्ट के दो प्रकरण पर कार्यवाही की गई है। आरोपी नंदकिशोर वर्मा पिता कुमार वर्मा उम्र 21 साल साकिन मोहारा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 435/2021 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम किया जाकर आरोपी से 62 पौवा गोल्डन गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब 11.160 बल्क लीटर व एक नग मोटर सायकल कमांक सीजी 08-यु 1117 जुमला कीमती 27440 रूपये जप्त किया गया।

बोल बम पदयात्रियों के लिए बना सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन

कैबिनेट मंत्री अकबर ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

कवर्धा/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने अपने विधायक निधि मद से कबीरधाम जिले में सावन मास के अवसर पर दूर-दराज से आने वाले बोल बंम पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए कवर्धा शहर में सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया है। वन मंत्री श्री अकबर ने आज शुक्रवार को अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण कर बोल बंम समिति को इसकी चाबी सौंपी। सामुदायिक भवन का निर्माण कवर्धा शहर के प्राचीनतम स्वयंभू पंचमुखी बुढ़ामहादेव मंदिर के समीप बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष सावन मास में पंचमुखी बुढ़ामहादेव मंदिर में जिले और पड़ोसी जिलों से हजारों की संख्या में यहां पदयात्रि पहुंचते है और श्रद्धालुओं के द्वारा यहां जलाभिषेक भी किया जाता है। मंदिर के समीप पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन की सुविधा नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानियां होती थी। लोकार्पण करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि सामुदायिक भवन की सुविधा मिलने से हजारों श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर राधा माधव गौ सेवा समिति के संस्थापक श्री अर्जून प्रसाद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, श्री कलीम खान, श्री तुकाराम चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जमील खान, सभापति श्री प्रमोद लूनिया, श्री चुनवा खान, श्री अशोक सिंह, श्री मोहित माहेश्वरी, श्री पवन जायसवाल श्री सुनील साहू, एल्डरमेन श्री दलजीत पाहुजा, श्री कौशल कौशिक, श्री जाकिर चौहान, श्री होरी साहू, श्री राजेश माखीजानी, श्री सुधीर केशरवानी, श्री आकाश केशरवानी, श्री लेखा राजपूत, श्री विकास केशरी, श्री प्रशांत परिहार, श्री लक्की कादरी, श्री नदीम अंसारी, सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अकबर ने बैट्री चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल का किया वितरण

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान शुक्रवार को विश्राम भवन में 19 हितग्राहियों को बैट्री चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल वितरण किया गया। मोटराईज्ड ट्राईसिकल मिलने से हितग्राहियों ने वन मंत्री श्री अकबर और सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि निःशक्त होने के कारण अब उन्हें आने-जाने में सहुलियत होगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ श्री विजय दयाराम के., डीएफओ श्री दिलराज प्रभाकर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, श्री कलीम खान, श्री तुकाराम चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जमील खान, सभापति श्री प्रमोद लूनिया, श्री चुनवा खान, श्री अशोक सिंह, श्री मोहित माहेश्वरी, श्री सुनील साहू, एल्डरमेन श्री दलजीत पाहुजा, श्री कौशल कौशिक, श्री जाकिर चौहान, श्री होरी साहू, श्री सुधीर केशरवानी, श्री आकाश केशरवानी, श्री लेखा राजपूत, श्री विकास केशरी, श्री प्रशांत परिहार, श्री लक्की कादरी, श्री नदीम अंसारी, सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। हितग्राहियो ने बताया कि मोटराइज्ड ट्रायसिकल मिलने के बाद उनकी समस्याएं दूर हो जाएगी। बस बैटरी चार्ज करना पड़ेगा, फिर बटन दबाते ही 40 से 50 किलोमीटर तक का सफर आसानी से कर सकतें है। हितग्राहियों ने बताया कि अब वह शहर से गांव तक की दूरी तय कर सकते है। हितग्राहियों ने शासन द्वारा दिव्यांगों को निःशुल्क में प्रदान किये जा रहे मोटराइज्ड ट्रायसिकल की सराहना की।

बीईओ कार्यालय के बाबू 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

कोरोना से दिवंगत इसी कार्यालय में पदस्थ बीईओ के परिजनों से मांगी थी रिश्वत

भटगांव/नवप्रदेश। भ्रस्टाचारों का गढ़ कहे जाने वाला बिलाईगढ़ एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। जहां आज एंटी करप्शन ब्यूरो टीम के द्वारा विकास खण्ड शिक्षा विभाग के एक क्लर्क को पंद्रह हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा गया।

मिली जानकारी अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के द्वारा छापा मारकर क्लर्क आरआर बंजारे को पंद्रह हाजत रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा गया। एसीबी टीम के द्वारा छापा पड़ने के समाचार से पूरे प्रशासनिक अमले फिर से हड़कंप मच गया वही विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के मोबाइल बंद हो गया। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के अधिकारी लंबोदर पटेल के अनुसार प्रार्थी स्वाधीन शर्मा के पिता पी के शर्मा यहां के शिक्षा कार्यालय में पूर्व बीईओ थे, जिनका कोरोना से देहांत हो गया। इनका कुछ जीपीएफ आदि का देनदारी था उनके आहरण के लिए पैसों की मांग किया गया था सत्यापन के पश्चात आज पंद्रह हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

वही प्रार्थी स्वाधीन शर्मा ने मीडिया को बताया कि उनके पिता का कोरोना से निधन के पश्चात जीपीएस एआईएस आदि का पेमेंट गवर्नमेंट के थ्रुव निकलता है। ग्रेजुएटी एवं एआईएस के लिए? एक लाख रूपये, अवकाश के लिए बीस हजार रूपये तथा जीपीएफके लिए पंद्रह हजार रूपये का मांग किये जाने पर इनके द्वारा पचास हजार उनके अकाउंट में दिया जा चुका है। उसके बाद भी काम बंद कर दिया गया था बार-बार के आने जाने से बहुत परेशान होकर एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर से शिकायत किया। इनके द्वारा कुल दो लाख पैतीस हजार रूपये का मांग किया गया था।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता पति सुधीर गुप्ता निवासी वार्ड 59 हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 4/120 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार कैलाश कुमार साहू पिता स्व. समारुराम साहू से दिनांक 13.07.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुलोचना देशमुख पति ललित कुमार देशमुख निवासी ग्राम बेलौदी पो. भेडसर तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 285/1 का टु. रकबा 1680 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार अमित कुमार साहू पिता तोरणलाल साहू से दिनांक 06.07.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शंकर साहू पिता स्व. मोहनलाल साहू निवासी म.न. वार्ड 14 प्रेमनगर सिकोलाभाठा दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 287/2 रकबा 0.0050 हे. 546 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार सोनू साहू पिता गुलाबचंद साहू से दिनांक 06.07.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 114/2021-22
वार्ड का नाम- वीर सावरकर नगर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर स्थित मकान/ भूमि जनता 1240 जो कि निगम अभिलेख में श्री विनोद बाबू पिता स्व. वाय. लबन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री हनीश राजपूत s/o उमेश राजपूत ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार आरंग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202107112500137
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
आरंग प.ह.नं. 00054 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - अंजू गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

प.ह.नं. 54 ग्राम आरंग तहसील जिला रायपुर छ.ग.

आवेदिका अंजू गुप्ता पिता स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता निवासी करबला पारा जी.ई. रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम आरंग प.ह.नं. 54 तहसील आरंग स्थित मकान क्र. 174 वार्ड नं. 14 पुराना वार्ड नं. 13 में श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को वसीयतकर्ता खातेदार लक्ष्मी गुप्ता ने दिनांक 09.02.2018 को एक पंजीकृत अंतिम इच्छा वसीयतनामा आवेदिका अंजू गुप्ता पिता स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता के नाम पर की थी। उक्त भूमि वसीयतकर्ता खातेदार लक्ष्मी गुप्ता की दिनांक 28.04.2021 को मृत्यु हो जाने के कारण उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण किए जाने की मांग किया है।

अतएव उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 09/08/2021 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 22/07/2021 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार, आरंग

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एलआईजी योजना अंतर्गत भवनों में से भवन क्र. एलआईजी-93 में श्री चन्द्रशेखर परगनिहा पिता श्री मनहरणलाल परगनिहा को भाड़ाक्रय/पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 7.04.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 09.06.21 को निष्पादित इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री हरदीप सिंह सलूजा पिता श्री सतिन्द्र पाल सिंह सलूजा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SHRIKANT S/O RADHERAMAN CHANDRAKAR निवासी MAKAN NO.59/DIDGA 1 RANITARAI DURG (C.G) 491223 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SHRIKANT CHANDRAKAR S/O RADHERAMAN CHANDRAKAR रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SHRIKANT CHANDRAKAR S/O RADHERAMAN CHANDRAKAR से ही जाना पहचाना जावे।

SHRIKANT CHANDRAKAR
MAKAN NO.59/DIDGA 1
RANITARAI DURG (C.G)
491223

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं RADHERAMAN S/O JAHDU RAM CHANDRAKAR निवासी HOUSE NO.59 WARD-55 RANITARAI DURG (C.G) 491223 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RADHERAMAN CHANDRAKAR S/O JAHDU RAM CHANDRAKAR रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम RADHERAMAN CHANDRAKAR S/O JAHDU RAM CHANDRAKAR से ही जाना पहचाना जावे।

RADHERAMAN CHANDRAKAR
HOUSE NO.59 WARD-55
RANITARAI DURG (C.G)
491223

नल जल का पानी दिखाने इंदावनी पहुंचे अधिकारियों के छूटे पसीने

गफलत के कीचड़ में सरेराह छटपटा रही है 28 करोड़ रुपये की धीरी ईरा नल-जल योजना

- **नव प्रदेश में खबर प्रकाशन के बाद विभागीय अधिकारियों की टीम गांव पहुंची तो देखते ही टूट पड़े ग्रामीण**

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। धीरी ईरा नल-जल योजना अंतर्गत 28 करोड़ रुपये की लागत से 24 गांवों में पानी पहुंचाने के दावे की शुरुआती दौर में ही हवा निकल गई है। पानी से जुड़ी यह महत्वपूर्ण योजना इंदावनी गांव में सरेराह छटपटा रही है। यहां लोगों को पानी मिलना तो दूर पानी का रास्ता ही भर्राशाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है। यहां पानी की समस्या तो है ही, गड्ढा भी औसत से कम खोदकर उसमें घटिया स्तर का पाइप डाला जा रहा है। पाइप डालने के बाद उसके ऊपर सींमेटीकरण भी नहीं किया गया है।

धीरी ईरा नल-जल योजना की आड़ में की जा रही गफ्लत की खबरों को दैनिक नव प्रदेश प्रमुखता से लगातार प्रकाशित कर रहा है। जन सरोकार को सर्वोपरि रखते हुए इस योजना की प्रगति का पता लगाने के लिए नव प्रदेश ने सांसद संतोष पांडेय, कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार, गीता साहू, लीलाराम भोजवानी व पीएचई के एएनसी श्री कोसरिया सहित प्रत्येक जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से सतत संपर्क किया। वहीं सभी लोग यही आश्वासन देते रहे कि लोगों के घर-घर पानी पहुंचाया जाएगा, किंतु आज तक लोगों को पानी नहीं मिला है। इंदावनी की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नव प्रदेश की टीम ने गांव का दौरा किया था और वहां के लोगों से प्रतिक्रिया भी ली गई थी, जिसमें लोगों ने पानी मिलने से इनकार किया था। सच्चाई को सामने लाने के लिए नव प्रदेश अखबार में यह खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की गई और खबर का असर यह हुआ कि, विभाग के अधिकारी एसएन पांडेय नव प्रदेश की इस खबर को झूठी करार देने पर आमादा हो गए। उन्होंने नव प्रदेश के ब्यूरो चीफ रमेश निवल और फोटोग्राफर श्रेयस वर्मा को यहां तक कह डाला कि आप मेरे साथ इंदावनी गांव का दौरा करिए। वहां खुद देख लीजिए कि, सभी जगह पानी आ रहा है या नहीं। एसएन पांडेय रट लगाते रहे कि वहां कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। वहीं एसएन पांडेय के आग्रह पर दो दिन पहले एसएन पांडेय, उनके स्टाफ और नव प्रदेश की टीम दोबारा इंदावनी गांव पहुंची। गांव में विभागीय अधिकारियों की टीम को देखते ही ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याओं के साथ अधिकारियों पर टूट पड़े। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की परतें खोलते हुए अधिकारियों को गली-गली घुमाकर पानी ना आने की बात बताई। इस दौरान अधिकारी पसीने से तरबतर होते एक-दूसरे का मुंह देखते रहे। सूत्र बताते हैं किए अधिकारियों ने ठेकेदारों को कॉम्प्लिक्शन सर्टिफिक्रेट दे दिया है और इन अधिकारियों से कोई पूछने वाला भी नहीं है। ऐसे में सिर्फ भ्रष्टाचार ही पनप रहा है और जिम्मेदार लोग बैखौफ होकर मनमानी कर रहे हैं।

सवा तीन नहीं, सिर्फ दो फिट गड्ढे में लगा दिया पाइप

ग्रामीणों ने बताया कि पाइप के लिए गड्ढा दो फिट खोदा गया है और पाइप भी बहुत ही निम्न मलिटी का डाला गया है। इस पर एसएन पांडेय ने अपने अधिकारियों से पूछा तो अधिकारी इधर-उधर देखते हुए गोलमोल जवाब देने लगे। इससे ग्रामीण और आक्रोशित होते गए क्योंकि स्थल पर गड्ढा 1 मीटर यानी लगभग सवा तीन फीट होना चाहिए। इसी तरह चौड़ाई भी नियमानुसार नहीं है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा, कोई भी कार्य यहां पर मापदंड के अनुरूप नहीं हुआ है। गड्ढे के ऊपर कांक्रीटीकरण भी नहीं किया गया है। लोगों ने यहां तक कह डाला कि, योजना अधर में है और अधिकारी एसएन पांडेय, ईश्वर दास वैष्णव व तारा वैष्णव तानाशाही करने में लगे हुए हैं।

मोबाईल लूट के आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम एवं नगर पुलिस अधीक्षक लोकेश देवांगन के मार्गदर्शन पर तथा थाना प्रभारी बसंतपुर लोमेश कुमार सोनवानी के नेतृत्व में 17.12.2020 को प्रार्थी जवाहर लाल वर्मा निवासी मोतीपुर नंदन नगर से दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक मोबाईल ओप्पो कंपनी का कीमती 9000 70 लूट कर फरार होने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 475/2020 धारा 392 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर लगातार मुखबीर एवं साईबर सेल की मदद से आरोपियों भूपेन्द्र कुमार साहू पिता रोहित कुमार साहू उम्र 19 साल पता कन्हारपुरी वार्ड नंबर 34 थाना कोतवाली, हेमेन्द्र देवांगन पिता देवेन्द्र देवांगन उम्र 19 साल साकिन कन्हारपुरी वार्ड नंबर 34 थाना कोतवाली, लक्की उर्फ भूपेन्द्र साहू पिता धरमदास साहू उम्र 19 साल साकिन संतोषी नगर लखोली थाना कोतवाली, अनिल कुमार यदु पिता मनोज यदु उम्र 19 साल साकिन कन्हारपुरी भाटापारा थाना कोतवाली आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में सायबर टीम तथा थाना स्टाफ एवं सिविल पुलिस पेट्रोलिंग का विशेष योगदान रहा।

रेलवे फाटक बना जी का जंजाल, हर साल प्रस्ताव पर होता कुछ नहीं

- **जाम में फंस जाते हैं एंबुलेंस तक भी**

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद । बालोद जिला बन गया लेकिन जिला मुख्यालय जिस हिसाब से विकसित होना चाहिए उस हिसाब से अभी भी गति धीमी है और इसका एक प्रमुख समस्या राजनांदगांव मार्ग पर स्थित पाररास रेलवे फाटक पर देखने को मिलता है। जहां पर हर आधे एक घण्टे में ट्रेन या मालगाड़ी के गुजरने के बाद लंबा ट्रैफिक जाम नजर आता है। यहां पर सबसे बड़ी समस्या उस वक्त निर्मित हो जाती है जब इस जाम में एंबुलेंस तक फंसे होते हैं। एंबुलेंस को जहां समय पर अस्पताल पहुंचने की जरूरत होती है वहां ट्रैफिक जाम होने से अस्पताल भी नहीं पहुंच पाते और गेट खुलने के इंतजार में या कभी-कभी आधे घंटे तक भी खड़े रहना पड़ता है ऐसे में मरीजों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है। कई मर्तबा स्थिति काफी विकट हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में करे तो क्या करें। एंबुलेंस के स्टाफको भी कुछ समझ में नहीं आता है। क्योंकि इस पाररास रेलवे क्रॉसिंग को पार करने का और कोई भी रास्ता नहीं है। शुक्रवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब सुबह करीब 11:35 बजे यहां पर रेलवे फाटक बंद था। काफी देर बाद यहां से मालगाड़ी गुजरी लेकिन उसके पहले ही यातायात व्यवस्था के नाम पर रेलवे द्वारा गेट बंद कर दिया गया था। इस बीच यहां पर एंबुलेंस आकर भी फस गई। जिसे इमरजेंसी में जिला अस्पताल पहुंचना था।लेकिन क्या करें अन्य वाहनों की तरह उन्हें भी कतार में गेट खुलने का इंतजार करना पड़ा। जबकि एंबुलेंस ऐसी व्यवस्था है जिस समय में उनके लिए रास्ता छोड़ना पड़ता है लेकिन यहां मजबूरी हो जाती है कि उन्हें भी आम गाड़ियों की तरह कतार में खड़े रहना पड़ता है। उनकी भी पहिये थम जाते हैं जबकि एंबुलेंस के लिए ऐसा कुछ नियम नहीं होता है। उन्हें जहां भी अगर ट्रैफिक जाम हो तो उनके लिए बकायदा रास्ता भी दे दिया जाता है ताकि किसी की जान को कोई जोखिम ना हो। लेकिन बालोद जिला मुख्यालय की यह बड़ी विडंबना है यहां पर रोज इस तरह की घटना होती रहती है जिससे आपातकालीन सेवा भी बुरी तरह से प्रभावित हो जाती है और एंबुलेंस तो हर रोज ट्रैफिक जाम में इस कदर फंसते नजर आते हैं एंबुलेंस के चालकों और ईएमटी का कहना रहता है कि उन्हें पहुंचना बहुत जरूरी होता है। कई बार गाड़ी में ऐसे गंभीर मरीज रहते हैं जिन्हें बचाने के लिए एक- एक सेकंड कीमती रहता है। लेकिन ऐसे समय में अगर रेलवे फाटक बंद हो तो उन्हें काफी दिक्कत महसूस होता है। जैसे तैसे घायलों को ऑक्सीजन देकर गाड़ी में ही सुरक्षित रखने का प्रयास करते हैं पर असल संजीवनी उन्हें अस्पताल पहुंचाकर ही दी जा सकती है। इसलिए पहला प्रयास रहता है कि जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जाए ताकि उनकी जान बचाई जा सके।

क्या कहते हैं लोग

नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व नागरिक बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य यशवंत जैन का कहना है कि हम पहले भी कई मर्तबा इस संबंध में ज्ञापन दे चुके हैं और हमारी कोशिश यही है कि जल्द से जल्द यहां पर ओवरब्रिज बन जाए ताकि ट्रैफिक जाम खासतौर से रेलवे फाटक बंद होने पर जो परिस्थिति निर्मित होती है उससे राहत मिल सके। हम अपनी ओर से पूरा प्रयास कर चुके हैं कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं तो पत्राचार भी जारी रखे हैं।